सुविचार

शुरू में हर कार्य कठिन लगता है पर समय बिताने पर आसान होता जाता है।

# प्रथम न्यूज़

PRATHAM NEWS राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

Website: www.prathamnews.in email:- dainikprathamnews@gmail.com

Pratham News @dainikprathamnews



धर्मशाला के बाद लखनऊ में बेबस हुए अफगानी शेर ...

» पृष्ठ 7 पर

जालंधर, वर्षः 16 अंकः 167 | दिनांक : वीरवार, 18 जून 2026 | सम्पादक : विवेक धीर | सम्पर्कः +91-7973508384 | पन्ने- 8 | मूल्यः ₹ 2.00/- | RNI No I PUNHIN/2010/36540


## मोदी-ट्रंप मुलाकात से रिश्तों को नई मजबूती, सुरक्षा और व्यापार पर हुई चर्चा

# भारत की सुरक्षा पर अमेरिका का भरोसा

- G7 समिट में मोदी-ट्रंप की अहम वार्ता, तनाव के बीच बढ़ी नजदीकियां
- मोदी ने उठाया भारतीय नाविकों की सुरक्षा का मुद्दा

» प्रथम न्यूज । नई दिल्ली

17 जून ( एजेंसी )





फ्रांस में आयोजित G7 शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मुलाकात ने भारत–अमेरिका संबंधों को नई दिशा देने का संकेत दिया है। दोनों नेताओं के बीच हुई वार्ता को रणनीतिक, सुरक्षा और आर्थिक सहयोग के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

हाल के दिनों में टैरिफ विवाद और होर्मुज जलडमरूमध्य के निकट अमेरिकी हमलों में तीन भारतीय नाविकों की मौत जैसी घटनाओं से दोनों देशों के संबंधों पर असर पड़ा था। ऐसे समय में हुई यह बैठक रिश्तों में विश्वास और सहयोग बढ़ाने की कोशिश के रूप में देखी जा रही है।

बैठक के दौरान राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि यदि भारत पर किसी प्रकार का हमला होता है तो अमेरिका उसकी रक्षा के लिए उसके साथ खड़ा रहेगा। उन्होंने भारत को महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदार बताते हुए दोनों देशों के बीच सुरक्षा सहयोग को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता जताई।

वहीं प्रधानमंत्री मोदी ने पश्चिम एशिया में शांति और स्थिरता कायम रखने के लिए ट्रंप के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने होर्मुज क्षेत्र में मारे गए भारतीय नाविकों का मुद्दा भी उठाया और भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। दोनों नेताओं ने क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर सहयोग बढ़ाने पर भी सहमति व्यक्त की।

### मोदी बोले- वेस्ट एशिया संकट का असर लंबे समय तक रहेगा

मोदी ने बुधवार को समिट में कहा कि वेस्ट एशिया में संकट की वजह से फ्यूल, फर्टिलाइजर और फूड सप्लाई चेन में आई रुकावटों का असर ग्लोबल साउथ (दक्षिणी देशों) पर काफी समय तक रहेगा। मोदी ने कहा- अंतरराष्ट्रीय एकजुटता मजबूत करने के लिए कमजोर देशों को संकटों का बोझ अकेले नहीं उठाना चाहिए। कई देशों की आबादी बूढ़ी हो रही है, जबकि भारत और ग्लोबल साउथ के देशों में युवा प्रतिभा और कौशल की कमी नहीं है।

**ट्रम्प बोले- मोदी कूल और जबरदस्त इंसान** – अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने वर्किंग लंच स्टेटमेंट में पीएम मोदी की तारीफ की। ट्रम्प ने कहा कि मोदी शांत, कूल और जबरदस्त इंसान हैं, लेकिन वह मोदी की तरह नहीं हैं।

### भारत के मदद के लिए वहां मौजूद रहेंगे : डोनाल्ड ट्रंप

भारत–अमेरिका रक्षा संबंधों पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि मुझे लगता है कि यह एक बहुत अच्छा रिश्ता है। अगर उन पर हमला होता है, तो हम उनकी मदद के लिए वहां मौजूद रहेंगे। अगर कोई उस व्यक्ति पर हमला करता है, तो हम वहां मौजूद रहेंगे।

अगर उन पर हमला होता है और वे (पीएम मोदी) नेता हैं, तो हम मदद के लिए वहां मौजूद रहेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, हमारे लिए खुशी की बात है कि हमारी दोनों टीमें भी मिलजुलकर हमने जो टारगेट तय किए उसको पूरा करने के लिए प्रयास कर रहे हैं और हम बहुत तेजी से आगे बढ़ रहे हैं।

### समुद्र में आवाजाही की आजादी पक्की होनी चाहिए : प्रधानमंत्री मोदी

प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप से कहा कि हमने हमेशा कहा है कि समुद्र में आवाजाही की आजादी पक्की होनी चाहिए और हमें इस बात पर जोर भी देना चाहिए।

समुद्री व्यापार के क्षेत्र में दुनिया के अलग–अलग समुद्रों में लाखों भारतीय नाविक काम कर रहे हैं।

मेरा मानना है कि उनकी सुरक्षा भी उतनी ही जरूरी है। मुझे भरोसा है कि (ईरान के साथ) समझौते में नाविकों की सुरक्षा पक्की की जाएगी और उसे प्राथमिकता दी जाएगी।

### मोदी ने दोनों दिन भारतीय की मौत का मुद्दा उठाया

पीएम मोदी ने जी7 समिट में दोनों दिन होर्मुज स्ट्रेट में भारतीय नाविकों की मौत का मुद्दा उठाया। उन्होंने समिट के पहले दिन मंगलवार को आउटरीच सेशन में कहा था कि इस अहम समुद्री मार्ग में कई भारतीयों ने जान गंवाई है और वैश्विक व्यापार को जोड़ने वाले नाविकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना सभी देशों की जिम्मेदारी है।

## खड़गे के खिलाफ भाजपा सांसदों ने दिया विशेषाधिकार हनन नोटिस

### प्रधानमंत्री पर कथित टिप्पणी विवाद, मामला विशेषाधिकार समिति के पास पहुंचा

**नई दिल्ली ( ब्यूरो )**– राज्यसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ कथित टिप्पणी को लेकर नया विवाद खड़ा हो गया है। भारतीय जनता पार्टी के छह राज्यसभा सांसदों ने खरगे के खिलाफ विशेषाधिकार हनन नोटिस दायर किया है। सांसदों का आरोप है कि उन्होंने सदन में प्रधानमंत्री के प्रति अपमानजनक और असम्मानजनक भाषा का प्रयोग किया, जिससे संसदीय मर्यादा और सदन की गरिमा प्रभावित हुई है। भाजपा सांसद बृज लाल, मिथलेश कुमार, सुमित्रा बाल्मिक, शिवेश कुमार, सिकंदर कुमार और नागेंद्र राय ने संयुक्त रूप से यह नोटिस राज्यसभा के प्रक्रिया एवं कार्य संचालन नियमों के नियम 188 के तहत दाखिल किया। नोटिस में कहा गया है कि खरगे लगातार प्रधानमंत्री के खिलाफ अनुचित भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं, जो संसदीय परंपराओं के अनुरूप नहीं है। राज्यसभा के सभापति सी. पी. राधाकृष्णन ने मामले का संज्ञान लेते हुए नियम 203 के तहत इसे विशेषाधिकार समिति को भेज दिया है। समिति अब पूरे मामले की जांच कर अपनी रिपोर्ट सभापति को सौंपेगी। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई तय होगी। इस घटनाक्रम से संसद के आगामी मानसून सत्र से पहले भाजपा और कांग्रेस के बीच राजनीतिक बयानबाजी तेज होने के आसार हैं।



## भाजपा-शिअद गठबंधन पर आरएसएस ने टटोली कई नेताओं की नब्ज

### चंडीगढ़ बैठक में पंजाब रणनीति पर चर्चा, अकाली दल से तालमेल के संकेत

» प्रथम न्यूज । चंडीगढ़

17 जून ( एएम नाथ )



चंडीगढ़ में आयोजित एक मैराथन बैठक के दौरान आगामी पंजाब विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शीर्ष नेतृत्व ने राज्य की राजनीतिक स्थिति और संगठनात्मक रणनीति पर विस्तार से चर्चा की। करीब आठ घंटे चली इस बैठक में शिरोमणि अकाली दल (ब्ब्रह्) के साथ संभावित गठबंधन का मुद्दा प्रमुखता से उभरा।

सूत्रों के अनुसार, बैठक में संघ के वरिष्ठ नेताओं ने पंजाब भाजपा इकाई से मौजूदा राजनीतिक हालात का फीडबैक लिया और यह समझने की कोशिश की कि क्या आगामी चुनावों में अकाली दल के साथ तालमेल पार्टी के लिए लाभकारी हो सकता है। चर्चा के दौरान कई नेताओं ने पारंपरिक सिख और ग्रामीण वोट बैंक में मजबूती के लिए गठबंधन की वकालत भी की।

बैठक में संघ की ओर से अरुण कुमार और पंजाब संगठन से जुड़े वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल रहे, जबकि भाजपा की ओर से संगठन महासचिव बी.एल. संतोष, प्रदेश अध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लों, कार्यकारी अध्यक्ष अश्वनी शर्मा और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुनील जाखड़ जैसे नेता मौजूद थे। अरुण कुमार , बी. एल. संतोष और सुनील जाखड़ जैसे नेताओं ने रणनीतिक मुद्दों पर विचार रखा।

हालांकि, केंद्रीय नेतृत्व का रुख फिलहाल गठबंधन से दूरी बनाए रखने का माना जा रहा है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पहले ही संकेत दे चुके हैं कि भाजपा पंजाब की सभी 117 सीटों पर अकेले चुनाव लड़ने की तैयारी में है।

बैठक में 2019 और 2024 लोकसभा चुनावों में भाजपा के बढ़ते वोट शेयर और संगठन विस्तार की भी समीक्षा की गई। चंडीगढ़ में हुई इस बैठक को पंजाब की आगामी चुनावी रणनीति के लिहाज से बेहद अहम माना जा रहा है, जिसमें गठबंधन बनाम अकेले चुनाव लड़ने की बहस अभी भी जारी है।

## मुख्यमंत्री ने पुनर्विकसित फव्वारा चौक एवं ई-बस चार्जिंग डिपो का किया लोकार्पण

» प्रथम न्यूज । धर्मशाला

17 जून ( बी. शर्मा )









मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने आज धर्मशाला स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा 70 लाख रुपये की लागत से पुनर्विकसित फव्वारा चौक तथा पुराने एचआरटीसी कार्यशाला परिसर में 11.90 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित दो मंजिला ई–बस चार्जिंग डिपो एवं अनुरक्षण केन्द्र का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने सतत् शहरी विकास तथा आधुनिक सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था के प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए धर्मशाला में सार्वजनिक परिवहन को सुदृढ़ बनाने के लिए तीन नए इंट्रा–सिटी ई–बस मार्गों को भी स्वीकृति प्रदान की। मुख्यमंत्री ने बताया कि फव्वारा चौक के पुनर्विकास का उद्देश्य कोतवाली बाजार में यातायात को सुचारु बनाना, क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान को संरक्षित रखना तथा इसे एक आकर्षक सार्वजनिक स्थल के रूप में विकसित करना है। परियोजना के तहत सड़क के लिए अतिरिक्त स्थान उपलब्ध करवाने के लिए फव्वारे और शहीद–ए–आजम भगत सिंह की प्रतिमा का पुनर्स्थापन किया गया है, जबकि रामलीला मंच और फव्वारा क्षेत्र को एकीकृत सार्वजनिक प्लाजा के रूप में विकसित कर भूमि के बेहतर उपयोग और यातायात प्रबंधन को सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने कहा कि नव विकसित फव्वारा चौक में पारंपरिक स्थानीय शैली की भित्ति चित्रकारी, वैरिएबल मैसेजिंग सिस्टम, आधुनिक प्रकाश व्यवस्था, पर्याप्त बैठने की सुविधा तथा आकर्षक केन्द्रीय फव्वारा स्थापित किया गया है। उन्होंने कहा कि स्थानीय विरासत को संरक्षित रखते हुए आधुनिक शहरी आधारभूत ढांचे के विकास की यह परियोजना राज्य सरकार के विकास केन्द्रित दृष्टिकोण को प्रतिबिंबित करती है तथा इससे स्थानीय लोगों और पर्यटकों दोनों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

ई–बस चार्जिंग डिपो एवं अनुरक्षण केन्द्र का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अत्याधुनिक सुविधा स्वच्छ, विश्वसनीय एवं पर्यावरण–अनुकूल सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने की राज्य सरकार की व्यापक रणनीति का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि भविष्य में प्रदेश के अन्य स्थानों पर भी इसी प्रकार की चार्जिंग अवसंरचना विकसित की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने धर्मशाला स्मार्ट सिटी लिमिटेड तथा हिमाचल पथ परिवहन निगम ( एचआरटीसी ) के प्रयासों की सराहना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि यह नई सुविधा इलेक्ट्रिक बसों के संचालन एवं अनुरक्षण को और अधिक प्रभावी बनाएगी तथा सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

इस अवसर पर आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री यादविन्द्र गोमा, सांसद अनुराग शर्मा, उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया, धर्मशाला नगर निगम के पूर्व महापौर देवेन्द्र जग्गी, एचआरटीसी के उपाध्यक्ष अजय वर्मा, एपीएमसी अध्यक्ष निशु मोंगरा, उपायुक्त हेमराज बैरवा, पुलिस अधीक्षक अशोक रतन सहित अनेक जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी तथा बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।

## चंडीगढ़ में ओला को बड़ा झटका, एग्रीगेटर लाइसेंस 6 माह के लिए निलंबित

### STA की सख्त कार्रवाई : चंडीगढ़ में छह महीने तक नहीं चलेंगी ओला कैब और बाइक टैक्सियां

» प्रथम न्यूज । चंडीगढ़

17 जून ( पुनीत महाजन )









राज्य परिवहन प्राधिकरण (STA), यूटी चंडीगढ़ ने कैब एग्रीगेटर कंपनी ओला (M/s ANI Technologies Private Limited) के खिलाफ बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई करते हुए उसका एग्रीगेटर लाइसेंस छह माह के लिए निलंबित कर दिया है। यह आदेश 17 जून 2026 से तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है।

राज्य परिवहन प्राधिकरण द्वारा जारी सार्वजनिक नोटिस के अनुसार, निलंबन अवधि के दौरान ओला प्लेटफॉर्म के माध्यम से संचालित होने वाली सभी कैब और बाइक टैक्सी सेवाएं चंडीगढ़ क्षेत्र में संचालित नहीं हो सकेंगी। प्रशासन ने ओला से जुड़े सभी वाहन मालिकों और चालकों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वे अपने वाहनों का संचालन ओला प्लेटफॉर्म के माध्यम से न करें तथा ऐप के जरिए किसी भी प्रकार की बुकिंग स्वीकार न करें।

प्राधिकरण ने चेतावनी दी है कि आदेशों का उल्लंघन करने वाले चालकों और ऑपरेटरों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम तथा संबंधित नियमों के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। ऐसे मामलों में वाहनों के चालान किए जाएंगे और आवश्यक होने पर वाहनों को जब्त भी किया जा सकता है। चंडीगढ़ प्रशासन ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि वे असुविधा से बचने के लिए निलंबन अवधि के दौरान ओला ऐप के माध्यम से कैब बुक न करें। प्रशासन ने लोगों को यात्रा के लिए राज्य परिवहन प्राधिकरण द्वारा पंजीकृत अन्य वैध और अधिकृत परिवहन सेवाओं का उपयोग करने की सलाह दी है। यह कार्रवाई शहर में परिवहन सेवाओं के नियमन और नियमों के पालन को सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। प्रशासन का कहना है कि सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था में पारदर्शिता और सुरक्षा बनाए रखने के लिए निर्धारित नियमों का पालन सभी एग्रीगेटर कंपनियों के लिए अनिवार्य है। यह सार्वजनिक नोटिस राज्य परिवहन प्राधिकरण, यूटी चंडीगढ़ के सचिव नितीश सिंगला (PCS) द्वारा जारी किया गया है।

## 15 जुलाई से लागू हो रहा भारत-ब्रिटेन के बीच फ्री टेड्र एग्रीमेंट

### भारत से आने वाले कई सामानों पर ब्रिटेन घटाएगा टैरिफ

» प्रथम न्यूज । नई दिल्ली

17 जून ( ब्यूरो )




भारत और ब्रिटेन ने बुधवार को बड़ी घोषणा की है कि दोनों देशों के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट अगले महीने से लागू हो रहा है। इससे दोनों देशों के कामकाजी लोगों और बिजनेस को फायदा मिलेगा।

दोनों देशों ने तय किया है कि अब 15 जुलाई से शर्तों के तहत यह लागू हो रहा है। इसे लागू करने की तैयारी में कुल 28 दिन का समया मिलेगा।

ब्रिटिश सरकार की ओर से कहा गया कि इस डील के तहत ब्रिटिश भारत से आने वाले सामान जैसे कि कपड़े, जूते और कुछ खाने–पीने की चीजो पर टैरिफ घटाएगा। भारतीय उत्पादों को इम्पोर्ट करने वाले ब्रिटिश व्यवसायों की लागत कम होने से देश भर के ग्राहकों को सामान सस्ती कीमतों पर मिल सकता है और उनके पास अधिक विकल्प हो सकते हैं।

**भारत भी कई प्रोडेक्ट की टैरिफ घटाएगा :** ब्रिटिश सरकार की ओर से कहा गया कि यह डील लंबे समय में हर साल यूके की जीडीपी को 4.8 बिलियन यूरो और द्विपक्षीय व्यापार को 25.5 बिलियन यूरो (34.22 बिलियन अमेरिकी डॉलर) तक बढ़ाएगी। आगे उन्होंने कहा कि इस डील से ब्रिटेन के उद्योगों को फायदा मिलेगा, जिसमें व्हिस्की पर भारत की ओर से टैरिफ 150% से घटाकर 40% कर दिया जाएगा, ऑटोमोटिव पर टैरिफ एक कोटा के तहत 100% से घटाकर 10% किया जाएगा और कॉस्मेटिक्स पर 22त्न तक का टैरिफ या तो पहले दिन से या 10 साल बाद खत्म कर दिया जाएगा।



# जालंधर में हर रोज गोलियां, कत्ल और गैंगस्टर राज – आम आदमी पार्टी सरकार पूरी तरह फेल : अशोक सरीन हिक्की

## जालंधर की कानून व्यवस्था ध्वस्त, जनता भय के माहौल में जीने को मजबूर

» प्रथम न्यूज । जालंधर
17 जून ( शैली अल्बर्ट )

जालंधर भाजपा के जिला महामंत्री अशोक सरीन हिक्की ने जालंधर में लगातार बढ़ रही गोलीबारी, कत्ल और गैंगस्टर घटनाओं पर पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि आज पंजाब विशेषकर जालंधर में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है। अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हो चुके हैं कि दिन-दहाड़े गोलियां चलाना और लोगों की हत्या करना आम बात बन गई है।

हिक्की ने कहा कि आज जालंधर में एक बार फिर करीब 25 राउंड फायरिंग की घटना ने पूरे शहर को दहला दिया है। कुछ दिन पहले व्यापारिक प्रतिष्ठान पर रंगदारी मांगने के बाद गोलियां चलाई गईं, हाल ही में जालंधर में युवक की गोली मारकर हत्या की गई, आरटीआई कार्यकर्ता और वकील की हत्या हुई, मॉडल टाउन क्षेत्र में राजनीतिक नेता की दिन-दहाड़े हत्या हुई, व्यापारियों और डॉक्टरों के घरों पर फायरिंग की घटनाएं सामने आईं तथा लगातार गैंगस्टर गतिविधियां बढ़ रही हैं। इन घटनाओं ने साबित कर दिया है कि पंजाब में अपराधियों के मन से कानून का डर पूरी तरह खत्म हो चुका है।



अशोक सरीन हिक्की ने कहा कि मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के नेता केवल विज्ञापनों और झूठे प्रचार में व्यस्त हैं जबकि जमीनी हकीकत यह है कि पंजाब की जनता अपने घरों, दुकानों और कारोबारों की सुरक्षा को लेकर चिंतित है। व्यापारियों को रंगदारी के फोन आ रहे हैं, गोलियां चल रही हैं और आम नागरिक खुद को असुरक्षित महसूस कर रहा है।

उन्होंने कहा कि जालंधर सहित पूरे पंजाब में नशा, गैंगस्टरवाद और अपराध का गठजोड़ मजबूत हुआ है। आम आदमी पार्टी ने सत्ता में आने से पहले पंजाब को सुरक्षित बनाने के बड़े-बड़े दावे किए थे, लेकिन आज हालात यह हैं कि हर दूसरे दिन गोलीबारी और हत्या की खबरें सामने आ रही हैं। पंजाब सरकार कानून व्यवस्था बनाए रखने में पूरी तरह असफल साबित हुई है। भाजपा नेता अशोक सरीन हिक्की ने मांग की कि जालंधर में हुई सभी हालिया गोलीबारी और हत्या की घटनाओं की उच्च स्तरीय जांच करवाई जाए, अपराधियों को तत्काल गिरफ्तार किया जाए तथा शहर में विशेष सुरक्षा अभियान चलाकर आम जनता और व्यापारियों को सुरक्षा प्रदान की जाए।

उन्होंने कहा कि यदि सरकार अपराधियों पर नकेल कसने में विफल रहती है तो भाजपा सड़कों पर उतरकर जनता की आवाज बुलंद करेगी और पंजाब सरकार की नाकामी को घर-घर तक पहुंचाएगी।

**जारीकर्ता – अशोक सरीन हिक्की जिला महामंत्री, भाजपा जालंधर**

यह संस्करण मीडिया और सोशल मीडिया दोनों के लिए उपयुक्त है तथा कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर सरकार को सीधे घेरता है।

# सामाजिक कार्यकर्ता सुखदेव बिट्टू बने विज सेवा भारती जीरा के संरक्षक

» प्रथम न्यूज । जीरा
17 जून ( अंग्रेजी बराड )

सेवा भारती जीरा इकाई की एक महत्वपूर्ण बैठक स्वामी स्वत्ते प्रकाश सर्वहितकारी विद्या मंदिर (गुग्गा मंदिर) जीरा में अध्यक्ष सुंदरम सूद की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सेवा भारती विभाग के संगठन मंत्री श्री प्रदीप गोयल और फिरोजपुर विभाग के मंत्री राजिंदर कुमार विशेष रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर नए पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से चुनाव किया गया। इनमें जीरा विकास परिषद के संरक्षक और प्रख्यात सामाजिक कार्यकर्ता सुखदेव बिट्टू विजय, जीरा नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष, को सर्वसम्मति से संरक्षक नियुक्त किया गया, जबकि गुरदेव सिंह सिद्धू को प्रेस



सचिव, अनिल बजाज को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अमरिक सिंह आहूजा और रिपुदमन सिंह को मुख्यमंत्री, सचिन अरोरा को सचिव, नवजोत शर्मा को ग्रामीण सिलाई प्रमुख, मीनाक्षी गुप्ता को शहरी सिलाई केंद्र प्रमुख, नरिंदर सिंह को स्वास्थ्य प्रमुख, नरिंदर सिंह को बाल संस्कार प्रमुख, सुमन बंसीवाल और रमा शर्मा को बाल संस्कार प्रमुख, सुमन बंसीवाल और रमा शर्मा को भजन मंडली प्रमुख, मुनीश मनकटला को सहायक कोषाध्यक्ष आदि के रूप में चुना गया। इस अवसर पर सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए राजिंदर बंसीवाल ने कहा कि सुखदेव बिट्टू विज एक बहुत ही अच्छे व्यक्तित्व हैं और उन्होंने विभिन्न संगठनों में आगे बढ़कर पूरे मन, बुद्धि और धन से सेवा की है। उन्होंने कहा कि ऐसे व्यक्तित्व समाज के मार्गदर्शक होते हैं।

# राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के जालंधर आगमन को लेकर भाजपा ने तैयारियां तेज कीं

## 20 जून को किंग्स होटल के बाहर होगा भव्य एवं ऐतिहासिक स्वागत : सुशील शर्मा

**जालंधर, 17 जून ( शैली अल्बर्ट )** भारतीय जनता पार्टी जिला जालंधर शहरी के अध्यक्ष सुशील शर्मा की अध्यक्षता में स्थानीय भाजपा कार्यालय, सर्कुलर रोड, नजदीक शीतला माता मंदिर में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के 20 जून को प्रस्तावित जालंधर दौरे को लेकर तैयारियों की समीक्षा करना तथा कार्यक्रम की रूपरेखा को अंतिम रूप देना था।



बैठक में जिला पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों, मंडल प्रभारियों एवं विभिन्न मोर्चों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सुशील शर्मा ने सभी कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

सुशील शर्मा ने बताया कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन 20 जून, शनिवार को शाम 6:30 बजे जालंधर पहुंचेंगे। उनके आगमन पर स्थानीय किंग्स होटल के बाहर पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य, उत्साहपूर्ण एवं ऐतिहासिक स्वागत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष का यह दौरा पंजाब में संगठनात्मक गतिविधियों को नई ऊर्जा प्रदान करेगा तथा कार्यकर्ताओं का उत्साह और मनोबल बढ़ाएगा।

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आज देश की सबसे बड़ी राजनीतिक शक्ति के रूप में उभरी है और राष्ट्रीय अध्यक्ष का मार्गदर्शन संगठन को और अधिक मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने सभी मंडल अध्यक्षों एवं प्रभारियों को जिम्मेदारियां सौंपते हुए कार्यक्रम को अनुशासित, व्यवस्थित एवं सफल बनाने के निर्देश दिए।

बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष के स्वागत, कार्यकर्ताओं की भागीदारी, यातायात व्यवस्था, मंच संचालन एवं अन्य व्यवस्थाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। सभी पदाधिकारियों ने एक स्वर में कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला महामंत्री अशोक सरीन हिकी राजेश कपूर अमरजीत सिंह गोल्डी पूर्व जिला अध्यक्ष अमरजीत सिंह अमरी जिला उपाध्यक्ष मनीष विजय जिला सचिव अमित भाटिया योगेश् मल्होत्रा गोपाल कृष्ण सोनी मंडल अध्यक्ष राजेश कुमार आरके कुलवंत शर्मा गुरप्रीत विक्की आशीष सहगल संदीप कुमार,चंदन रखेजा,क्षितिज ढल टीटू कपानिया मनीष बल अजय ठाकुर सोनू चौहान मनीषा जैन पार्षद कुंवर सरताज दीपाली बगड़िया जस जोहल,नरेश वालिया, गुरप्रीत भट्टी राजन मल्लन,अशोक चढा,गुरप्रीत सिंह,ललित यादव बब्बू विकास कैंथ, डिंपी लूबाना ,पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी एवं भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त न्यूज



### जालन्धर के बाबू लाभ सिंह नगर में चली गोलियां

**जालन्धर ( डोगरा )**– पंजाब के जालंधर के बाबू लाभ सिंह नगर में ताबड़तोड़ गोलियां चली है जिसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। घायल युवक को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है यहां उसका इलाज किया जा रहा है।

बताया जा रहा है कि निहंग बाणे में आए अमरजीत सिंह ने अपने साथियों के साथ मिलकर राहुल नामक युवक पर गोलियां चलाईं। फायरिंग के दौरान राहुल के पेट में गोली लग गई। दरअसल यह वारदात मकसूदां मंडी में हुई एक युवक की हत्या की पुरानी रंजिश से जुड़ी बताई जा रही है।

वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और आरोपियों की तलाश में छापेमारी कर रही है। पुलिस ने मामले की जांच करनी शुरू कर दी।

### लिवासा मेड सेंटर मोहाली में एडवांस्ड पैट - सीटी फैसिलिटी का शुभारंभ हुआ

**मोहाली ( जगमीत घुम्मन )**– सिविल सर्जन, मोहाली डॉ संगीता जैन ने मंगलवार को मोहाली के लिवासा मेड सेंटर, मोहाली में अत्याधुनिक पैट ङ्कसीटी फैसिलिटी का शुभारंभ किया। इस मौके पर सीईओ–लिवासा अस्पताल, अनुराग यादव भी मौजूद थे। यादव ने कहा कि इस नई फैसिलिटी से तेज़ी से और ज़्यादा सटीक जांच हो सकेगी और पूरे क्षेत्र के कैंसर मरीजों के लिए पर्सनलाइज्ड इलाज की रणनीतियों में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि इस टेक्नोलॉजी के जुड़ने से लिवासा का व्यापक ऑन्कोलॉजी इकोसिस्टम मजबूत होगा और मरीजों को घर के पास ही एडवांस्ड डायग्नोस्टिक सेवाएं मिल सकेंगी। सीनियर वाइस प्रेसिडेंट–ऑपरेशन्स, डॉ जितेंद्र अरोड़ा ने कहा कि पैट –सीटी फैसिलिटी हमारी डायग्नोस्टिक क्षमताओं को काफी बढ़ाएगी और मल्टीडिसीप्लिनरी कैंसर केयर को मजबूत करेगी। इससे डॉक्टर ज़्यादा सटीकता और भरोसे के साथ इलाज से जुड़े सही फैसले ले सकेंगे।

पैट –सीटी इमेजिंग के क्लिनिकल महत्व पर बात करते हुए डॉ अनुपम गौबा ने कहा, पैट –सीटी ने कैंसर की जांच और इलाज के तरीके को बदल दिया है। यह ट्यूमर की एनाटॉमिकल और मेटाबोलिक गतिविधि के बारे में जरूरी जानकारी देता है, जिससे बीमारी का जल्दी पता लगाने, सही स्टेजिंग करने और इलाज के असर का बेहतर आकलन करने में मदद मिलती है।

### 4 ग्राम हेरोइन और 100 नशीली गोलियों के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार



**गुरदासपुर ( संदीप सन्नी )** – गुरदासपुर पुलिस ने अलग-अलग थानों के अंतर्गत तीन आरोपियों को हेरोइन और भारी मात्रा में नशीली गोलियों के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

जानकारी देते हुए एसएसपी आदित्य ने बताया कि जिला पुलिस की टीमों ने मुस्तैदी दिखाते हुए दो अलग-अलग थानों के तहत यह कार्रवाई की है


**थाना सदर और थाना धारीवाल पुलिस की कार्रवाई**

**1. सदर गुरदासपुर में हेरोइन बरामद**

थाना सदर गुरदासपुर की पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए प्रिथीपाल नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 4 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। इस कार्रवाई के बाद आरोपी के खिलाफ थाना सदर गुरदासपुर में एनडीपीएस एक्ट की धारा 21(ए)-61-85 के तहत मुकदमा दर्ज रजिस्टर किया गया है।

**2. धारीवाल में नशीली गोलियां बरामद**

एक अन्य कार्रवाई में थाना धारीवाल की पुलिस टीम ने दो संदिग्धों–सुरजीत सिंह और रविंदर सिंह को गिरफ्तार किया है। इन दोनों आरोपियों के कब्जे से 100 नशीली गोलियां बरामद की गई हैं। इस मामले में दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना धारीवाल में एनडीपीएस एक्ट की धारा 22-61-85 के तहत मुकदमा दर्ज कर अगली कार्रवाई शुरू कर दी गई है।



# बेगमपुरा टाईगर फोर्स द्वारा राजा वड़िंग को तीखी चेतावनी एससी आयोग के सामने पेश होना ही पड़ेगा!

## राजा वड़िंग को एससी समाज अपनी दहलीज पर पैर नहीं रखने देगा - बीरपाल, नेकू, हैप्पी, बंटी

» प्रथम न्यूज । होशियारपुर
17 जून ( तरसेम दीवाना )

बेगमपुरा टाईगर फोर्स के चेयरमैन तरसेम दीवाना और राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मपाल साहनेवाल के दिशा-निर्देशों के अनुसार, बेगमपुरा टाईगर फोर्स के जिला अध्यक्ष हैप्पी फतेहगढ़ की अध्यक्षता में फोर्स के मुख्य कार्यालय भगत नगर के पास मॉडल टाउन होशियारपुर में एक हंगामी बैठक की गई! बैठक में फोर्स के पंजाब अध्यक्ष बीरपाल ठरौली, दोआबा अध्यक्ष नेकू अजनोहा, और बंटी हरियाणा अध्यक्ष हल्का शाम चौरासी ने विशेष तौर पर शिरकत की! बैठक में बोलते हुए नेताओं ने कहा कि पिछले दिनों कांग्रेस के सांसद अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग द्वारा देश के पूर्व गृह मंत्री स्वर्गीय मास्टर बूटा सिंह के बारे में मंच से इस्तेमाल की गई भद्दी और जातिसूचक शब्दावली ने एससी समाज के दिलों को चीर कर रख दिया था। उन्होंने कहा कि बेगमपुरा टाईगर फोर्स ने राजा वड़िंग द्वारा मास्टर बूटा सिंह के रंग-रूप को लेकर की गई टिप्पणी को समस्त एससी (अनुसूचित जाति) समाज का



अपमान करार देते हुए राजा वड़िंग के खिलाफ संघर्ष छेड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि राजा वड़िंग द्वारा की गई शर्मनाक बयानबाजी का स्वतः संज्ञान (Suo Motu) लेते हुए पंजाब राज्य अनुसूचित जातियों आयोग के चेयरमैन जसवीर सिंह गढ़ी द्वारा राजा वड़िंग को तलब किया गया था। पर राजा वड़िंग लगातार कई पेशियां गुजर जाने के बावजूद खुद अदालत में पेश नहीं हुआ और अपने वकीलों को भेजकर कानून को टाल रहा है। उन्होंने कहा कि, राजा वड़िंग मंचों पर चढ़कर घमंड कर रहा है और छाती फाड़कर कह रहा है कि ना मैं आज जाऊं एससी आयोग के कोर्ट में, और ना मैं कल जाऊं, चेयरमैन जसवीर सिंह गढ़ी ने जो करना है कर ले। बेगमपुरा टाईगर फोर्स के नेताओं ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि राजा वड़िंग द्वारा एससी आयोग के चेयरमैन जसवीर सिंह गढ़ी को इसलिए ललकारा जा रहा है क्योंकि वे एक स्वाभिमानी रविदासिया समाज से संबंध रखते हैं।

यह राजा वड़िंग की अहंकारी और एससी विरोधी मानसिकता का सबूत है। पर वह यह न भूले कि संविधान और कानून सबके लिए बराबर है, उन्होंने कहा कि राजा वड़िंग को एक न एक दिन आयोग की कचहरी में पेश होना ही पड़ेगा। फोर्स के नेताओं ने राजा वड़िंग को चेतावनी देते हुए कहा है कि राजा वड़िंग का जहाँ भी कोई भी राजनीतिक या व्यक्तिगत कार्यक्रम होगा, वहाँ बेगमपुरा टाईगर फोर्स द्वारा इसका कड़ा विरोध किया जाएगा। नेताओं ने कहा कि राजा वड़िंग आने वाले समय में जिस भी हलके से चुनाव लड़ेगा, ऐससी समाज उसका डटकर विरोध करेगा । उन्होंने कहा कि एससी समाज अब राजा वड़िंग को अपने दरवाजे की दहलीज पर पैर नहीं रखने देगा।

उन्होंने कहा कि एससी समाज के रहबरों और महापुरुषों का अपमान करने वाले किसी भी नेता को बख्शा नहीं जाएगा। इस मौके पर अन्य लोगों के अलावा विपिन बस्सी कला, अनमोल गोकल नगर, अमन, आकाश सुंदर नगर, राजेश श्री गुरु रविदास नगर, अंकुश न्यू फतेहगढ़, कुलवंत रिहाणा कलां, गुरमीत सिंह नलौईया, रवि बुल्लोवाल, लक्की, नलौईया, गुरमुख नलौईया चौक, हैप्पी बागपुर, राम मूर्ति शेरपुर, वंश मुस्तापुर कपाहट, मोनू बलवीर कॉलोनी, बिल्ला बागपुर, गौतम, दीप, जस्सी बलवीर कॉलोनी, मनी, रवि सुंदर, निक्कू सुंदर नगर, विशाल रहीमपुर, राजवीर चौटाला, अमनदीप कौंडला, रोहित बद्धण नारा, संदीप, गगन नारा, राहुल कलौता, रमन, सुखजिंदर, रविंद्र, बलवीर सिंह आदि उपस्थित थे!

# धान की मैट टाइप नर्सरी को लेकर विशेष प्रशिक्षण एवं प्रदर्शनी का आयोजन

## पारंपरिक लेबर के खर्च और समय की बचत के लिए वरदान साबित होगी यह नई तकनीक

» प्रथम न्यूज । गुरदासपुर
17 जून ( संदीप सन्नी )

पंजाब एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटी, लुधियाना के प्रसार शिक्षा निदेशक के दिशा-निर्देशों के तहत गुरदासपुर जिले के ब्लॉक फतेहगढ़ चूड़ियां के अंतर्गत आते गांव वीला तेजा में धान की %मैट टाइप नर्सरी% के संबंध में एक विशेष प्रशिक्षण कैंप और प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस ट्रेनिंग कैंप में इलाके के लगभग 50 प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया और कृषि विशेषज्ञों के साथ अपने विचार साझा किए।



### एक दिन में 10-12 एकड़ में धान की रोपाई संभव

कैंप में उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए फार्म सलाहकार सेवा केंद्र के प्रभारी डॉ. नरिंदरदीप सिंह ने कहा कि बदलते दौर में यह तकनीक किसानों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। इस विधि की खासियत बताते हुए उन्होंने कहा कि मैट टाइप नर्सरी तैयार करने के बाद विशेष मशीन की मदद से हम महज एक दिन में 10 से 12 किले में धान की रोपाई बेहद आसानी से कर सकते हैं। इससे लेबर पर होने वाले भारी-भरकम खर्च और कीमती समय दोनों की बड़ी बचत होती है।

### पूरी होगी पौधों की संख्या, मिलेगा बंपर झाड़

कृषि विज्ञान केंद्र गुरदासपुर के फसल वैज्ञानिक डॉ. अनिल खोखर ने किसानों को मैट टाइप नर्सरी तैयार करने



की व्यावहारिक विधि के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने बताया कि इस तकनीक को अपनाने से खेत में पौधों की संख्या एकदम सटीक और पूरी रहती है, जिससे फसल की ग्रोथ अच्छी होती है और अंत में बंपर पैदावार प्राप्त होती है। इसके साथ ही उन्होंने धान की फसल में संतुलित खाद प्रबंधन, खरपतवार नियंत्रण, और हानिकारक कीड़ों व बीमारियों से बचाव के वैज्ञानिक तरीकों पर भी विस्तार से प्रकाश डाला।

इस दौरान जिला प्रसार वैज्ञानिक (फल विज्ञान) डॉ. सर्वप्रिया सिंह ने भी किसानों को अपनी सेहत और रसोई के खर्च को नियंत्रित करने के लिए घर पर ही फलों और सब्जियों की घरेलू बगीची लगाने के लिए विशेष रूप से प्रेरित किया।

### प्रगतिशील किसानों ने की नई तकनीक अपनाने की अपील


कार्यक्रम के समापन पर क्षेत्र के अग्रणी व प्रगतिशील किसान प्रभदीप सिंह ने कृषि विशेषज्ञों और कैंप में पहुंचे सभी किसान भाइयों का धन्यवाद किया। उन्होंने उपस्थित सभी किसानों से अपील की कि वे खेती की लागत को कम करने और मुनाफे को बढ़ाने के लिए पारंपरिक तरीकों को छोड़कर धान की सीधी बिजाई और मैट टाइप नर्सरी तकनीक को प्राथमिकता दें।

# पत्रकार संदीप सैंडी को सदमा, पिता का देहांत

## श्री दुर्गियाना मंदिर परिसर के शिव पूरी में हुआ अंतिम संस्कार

**अमृतसर ( साहिब दयाल )** – पत्रकार संदीप सैंडी को उस समय गहरा सदमा पहुंचा जब 16 जून की रात को उनके पिता जी श्री महेंद्र पाल (76 वर्ष) का निधन हो गया। शहर के सामाजिक संगठनों, धार्मिक, राजनीतिक, द प्रेस क्लब के प्रधान राजेश गिल, विक्रम शर्मा, रमन शर्मा, रेशम सिंह और पत्रकार कमल पहलवान, हरजीत सिंह अजीत, राजन गोसाईं के अलावा अन्य पत्रकार साथियों, पुलिस अधिकारी राजीव शर्मा, मंगल सिंह आदि ने पहुंचकर उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया और पत्रकार संदीप सैंडी के साथ संवेदनाएं प्रकट कीं। आज स्वर्गीय श्री महेंद्र पाल जी का अंतिम संस्कार उनके बेटे श्री संदीप सैंडी ने श्री दुर्गियाना मंदिर परिसर के शिव पूरी में अंतिम संस्कार किया। अंतिम संस्कार के दौरान होने वाली अंतिम प्रार्थनाओं और श्रद्धांजलि सभा के बारे में जानकारी देते हुए परिवार के सदस्यों ने बताया कि दिवंगत आत्मा की शांति के लिए तेहरवें दिन श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी।





## संक्षिप्त न्यूज



### सही स्किल और आत्मविश्वास से मिलेगी सफलता – मजारी स्कूल में करियर काउंसिलिंग सत्र

**बिलासपुर( जितेंद्र गौतम ):** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मजारी में विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य एवं करियर मार्गदर्शन हेतु करियर काउंसिलिंग सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर इंग्लैंड आधारित कंपास कंपनी के गुड़गांव ऑफिस में तैनात साइबर सिक्योरिटी विशेषज्ञ सुखविंदर सिंह तथा यू.एस.ए. में भौतिकी विज्ञान की अध्यापिका श्रीमती ऋचा ने विद्यार्थियों को आधुनिक समय में रोजगार के बदलते अवसरों, उभरते करियर विकल्पों तथा आवश्यक कौशलों की जानकारी दी। सुखविंदर सिंह ने विद्यार्थियों को अपनी क्षमताओं को पहचानने, आत्मविश्वास विकसित करने तथा संचार कौशल को मजबूत बनाने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि सफलता केवल डिग्री पर निर्भर नहीं करती, बल्कि ज्ञान, कौशल और स्वयं को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने की क्षमता भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने विद्यार्थियों को मेहनत, लगन और निरंतर सीखने का संदेश दिया। श्रीमती ऋचा ने बच्चों को सकारात्मक सोच से पढ़ाई कर अपनी रुचि पहचानकर ही करियर चुनने की सलाह दी, अक्सर बच्चे एक दूसरे को देखकर या माता पिता के दबाव में करियर चुनने लगते हैं जिससे उन्हें बाद में पछताना पड़ता है, भगवान ने हमें अलग अलग प्रतिभा से नवाजा है उसकी कद्र करनी चाहिए तभी जीवन आनंदित होगा अन्यथा अवसाद आ जाता है करियर काउंसिलिंग प्रभारी अनुराधा शर्मा ने बताया कि ऐसे सत्र विद्यार्थियों को समय रहते सही करियर चयन, रोजगार के अवसरों तथा आवश्यक स्किल्स के प्रति जागरूक करने में सहायक सिद्ध होते हैं। मुझे गर्व है कि सुखविन्द्र और ऋचा दोनों मेरे शिष्य रहे हैं, और मेरे अनुरोध पर इन्होंने इस सत्र में आने की सहमति दी जो अध्यापक और शिष्य के संबंधों की प्रगाढ़ता को दिखाता है । इस अवसर पर अनुराधा शर्मा, राजेश शर्मा, हरप्रीत कौर, सतनाम कौर, रेखा अत्री, रेणु शर्मा, सुमन ठाकुर, प्रमोद ठाकुर, शैली अग्निहोत्री, गुरदीप सिंह, दलजीत सिंह, वरिष्ठ सहायक कश्मीर सिंह, दर्शना डिंपी, शीला सहित विद्यालय के सभी अध्यापक उपस्थित रहे।

### इनकम टैक्स डिपार्टमेंट,शिमला द्वारा आउटरीच कार्यक्रम आयोजित



**शिमला( बी.शर्मा ):** प्रिंसिपल कमिश्नर ऑफ इनकम टैक्स 1, चंडीगढ़ के मार्गदर्शन में, इनकम टैक्स डिपार्टमेंट, रेंज शिमला ने एक आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें आयकर अधिनियम 1961 से नए आयकर अधिनियम 2025 में संक्रमण की प्रक्रिया पर विस्तृत चर्चा हुई। कार्यक्रम की शुरुआत आयकर अधिकारी, इनकम टैक्स ऑफिसर कपिल निरवान, वॉर्ड 1, शिमला द्वारा स्वागत भाषण से हुई। इसके बाद, रेंज हेड, जॉइंट कमिश्नर ऑफ इनकम टैक्स श्री केशव किशोर आनन्द ने सभी स्टेकहोल्डर्स का संबोधन किया। सर्कल ऑफिस के अधिकारी, श्री नरेंदर चहल ने मुख्य प्रस्तुति दी। प्रस्तुति के दौरान, सभी प्रतिभागियों को शैक्षणिक सामग्री और महत्वपूर्ण लिंक भी प्रदान किए गए, ताकि इंटरैक्टिव सत्रों में सहायता मिले और नए अधिनियम की प्रमुख विशेषताओं को समझा जा सके। विशेष रूप से बच्चों को शिक्षित करने के लिए बनाई गई एक कॉमिक बुक का भी प्रदर्शन किया गया, जिससे उनकी समझ और बेहतर हुई। इस कार्यक्रम में टैक्सपेयर्स, होटलियर, शिमला के, गवर्नमेंट अंडरटेकिंग्स, प्रोफेशनल्स जैसे सीए एसोसिएशन्स, एडवोकेट एसोसिएशन्स और प्रेस, यानी मीडिया पर्सनल्स ने भी भाग लिया। अपने समापन धन्यवाद भाषण में, सहायक आयकर आयुक्त, श्री सुनील कुमार, सर्कल शिमला ने, सभी स्टेकहोल्डर्स का बहुत अच्छा धन्यवाद दिया, उन्होंने सभी प्रावधानों और सेक्शनों को आयकर अधिनियम का पुन: संक्षिप्त, सुव्यवस्थित प्रारूप में समझाया, जिससे सभी को स्पष्टता और समझ प्राप्त हुई।

# महाराणा प्रताप का साहस, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति आज भी कर रहे हैं पीढ़ियों को प्रेरित :मुख्यमंत्री

## महाराणा प्रताप इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में इंडोर स्टेडियम निर्माण के लिए की एक करोड़ रुपये की घोषणा

» प्रथम न्यूज । काँगड़ा
17 जून ( बी.शर्मा )

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने आज जिला कांगड़ा के महाराणा प्रताप इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, पठियार में इंडोर स्टेडियम के निर्माण के लिए एक करोड़ रुपये देने की घोषणा की। उन्होंने वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उन्हें त्याग, स्वाभिमान, स्वतंत्रता और राष्ट्रभक्ति का अमर प्रतीक बताया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया तथा स्मृति-चिन्ह (स्मारिका) का विमोचन भी किया। कांगड़ा जिला के धर्मगिरि पठियार में महाराणा प्रताप की 487वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराणा प्रताप केवल एक निर्भीक योद्धा ही नहीं, बल्कि दूरदर्शी नेतृत्वकर्ता भी थे, जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी अपने सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं किया। उन्होंने हल्दीघाटी के युद्ध का उल्लेख करते हुए कहा कि यह युद्ध आज भी साहस, बलिदान तथा स्वतंत्रता एवं सम्मान के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक बना हुआ है।

मुख्यमंत्री ने युवाओं से महाराणा प्रताप के आदर्शों का अनुसरण करने का आह्वान करते हुए कहा कि वे त्याग, अनुशासन और राष्ट्रसेवा के मूल्यों को अपनाकर राष्ट्रीय एकता एवं सामाजिक सद्भाव को मजबूत बनाने में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सुशासन, ग्रामीण विकास, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, कौशल विकास तथा पर्यावरण संरक्षण के माध्यम से हिमाचल प्रदेश को आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने प्रदेश की समृद्ध देशभक्ति की परंपरा का उल्लेख करते हुए मेजर सोमनाथ शर्मा, कर्नल डी.एस. थापा, कैप्टन विक्रम बत्रा तथा सूबेदार मेजर संजय कुमार जैसे वीर सैनिकों के बलिदान को स्मरण किया। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जुब्बल के फ्लाइट लेफ्टिनेंट अर्शवीर सिंह ठाकुर द्वारा प्रदर्शित अद्वितीय साहस की भी सराहना की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार हिमाचल प्रदेश के हितों की रक्षा और राज्य की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए दृढ़ संकल्प के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार के सतत् प्रयासों से 422 मेगावाट क्षमता वाली किशाऊ बांध परियोजना का मार्ग प्रशस्त हुआ है। भारत सरकार ने परियोजना से लाभान्वित होने वाले राज्यों द्वारा हिमाचल प्रदेश के विद्युत् घटक पर होने वाली लगभग 2,000 करोड़ रुपये की लागत को वहन करने पर सैद्धांतिक सहमति प्रदान की है, जिससे राज्य पर पड़ने वाला वित्तीय बोझ काफी कम होगा। उन्होंने कहा कि परियोजना पूर्ण होने पर राज्य को प्रतिवर्ष लगभग 100 करोड़ यूनिट बिजली प्राप्त होगी, जिससे करीब 600 करोड़ रुपये का वार्षिक राजस्व अर्जित होने की संभावना है।

उन्होंने कहा कि सरकार ने पिछले अढ़ाई वर्षों के दौरान विवेकपूर्ण वित्तीय प्रबंधन के माध्यम से हजारों करोड़ रुपये की अतिरिक्त आय अर्जित की है तथा केंद्र सरकार के समक्ष राज्य के वैध अधिकारों की मजबूती से पैरवी की है। उन्होंने कहा कि सरकार ग्रीन बोनस और 110 मेगावाट क्षमता वाली शानन विद्युत् परियोजना को पुन: प्राप्त करने तथा भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड से राज्य के लंबित बकाये की वसूली के लिए प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री से राज्य के लिए एक उच्चस्तरीय समिति गठित करने का आग्रह किया, जो राजस्व घाटा अनुदान की समाप्ति, प्राकृतिक आपदाओं से हुए नुकसान, जलविद्युत परियोजनाओं में मुफ्त बिजली के हिस्से में कमी तथा जीएसटी व्यवस्था से उत्पन्न राजस्व हानि का आकलन कर सके।





उन्होंने कड़छम-वांगतू जलविद्युत् परियोजना की रॉयल्टी संबंधी मामले में उच्चतम न्यायालय के हिमाचल प्रदेश के पक्ष में आए निर्णय का भी उल्लेख किया, जिससे राज्य को प्रतिवर्ष लगभग 150 करोड़ रुपये की अतिरिक्त आय होगी। इसके अतिरिक्त उन्होंने वाइल्ड फ्लावर हॉल होटल मामले के सफल समाधान का भी जिक्र किया, जिससे राज्य को प्रतिवर्ष 20 करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व प्राप्त हो रहा है।

शिक्षा क्षेत्र में हो रहे सुधारों का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश ने शत-प्रतिशत साक्षरता हासिल कर देश में अग्रणी स्थान प्राप्त किया है तथा राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण में शीर्ष पांच राज्यों में अपना स्थान बनाया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने पहली कक्षा से अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा आरंभ की है, राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल स्थापित किए जा रहे हैं, चयनित सरकारी विद्यालयों में सीबीएसई पाठ्यक्रम लागू किया गया है, 5,400 से अधिक शिक्षकों की भर्ती तथा विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने हेतु व्यावसायिक एवं कौशल आधारित शिक्षा का विस्तार किया है।

श्री सुक्खू ने कहा कि युवाओं को स्वरोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने और ई-मोबिलिटी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 680 करोड़ रुपये की राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्ट-अप योजना शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत ई-टैक्सियों की खरीद पर 50 प्रतिशत सब्सिडी उपलब्ध करवाई जा रही है, जिससे युवाओं को सुनिश्चित आय के अवसर उपलब्ध हो रहे है। इसके अतिरिक्त निजी भूमि पर सौर ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित करने के लिए ब्याज अनुदान तथा प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने हेतु प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की जा रही है।

उन्होंने कहा कि 500 मेगावाट सौर ऊर्जा परियोजनाएं तथा ग्रीन पंचायत कार्यक्रम राज्य में सतत् आजीविका और रोजगार के नए अवसर सृजित करेंगे।

स्वास्थ्य क्षेत्र में सरकार की प्राथमिकताओं को इंगित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि चिकित्सा अधोसंरचना के आधुनिकीकरण और संस्थानों में नई मशीनें स्थापित करने के लिए लगभग 3,000 करोड़ रुपये का निवेश किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रमुख सरकारी चिकित्सा संस्थानों में रोबोटिक सर्जरी की सुविधा आरंभ की गई है, जिससे लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए प्रदेश से बाहर नहीं जाना पड़ रहा।

नशे की बढ़ती समस्या पर चिंता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने जनसहभागिता के साथ 'चिट्टा-मुक्त हिमाचल अभियान' शुरू किया है तथा सूचना देने वालों के लिए पुरस्कार की व्यवस्था की गई है, साथ ही उनकी पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

उन्होंने कहा कि आगामी 'खेलो इंडिया चिट्टा-मुक्त अभियान' के माध्यम से युवाओं को खेलों और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा, जिससे नशा मुक्त और प्रगतिशील हिमाचल का निर्माण सुनिश्चित होगा।

इस अवसर पर राजपूत कल्याण ट्रस्ट के अध्यक्ष कुलदीप ठाकुर, संरक्षक टी.सी. राणा तथा राजपूत कल्याण सभा के अध्यक्ष ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

समारोह में आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री यादविंद्र गोमा, विधायक एवं एचपीटीडीसी के अध्यक्ष आर.एस. बाली, उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया, विधायक नीरज नैयर, पूर्व सांसद विप्लव ठाकुर एवं कृपाल परमार, पूर्व विधायक सुरेंद्र काकू, धर्मशाला नगर निगम के पूर्व महापौर देवेंद्र जग्गी, ऊन महासंघ के अध्यक्ष मनोज कपूर, कांगड़ा कृषि बैंक के अध्यक्ष रामचंद पठानिया, सहकारी बैंक के उपाध्यक्ष संजय चौहान, उपायुक्त हेमराज बैरवा, पुलिस अधीक्षक अशोक रतन, राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी, राजपूत कल्याण सभा के प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।

# आयुर्वेदिक अस्पताल चंबा में शुरू होगा पंचकर्म तकनीशियन प्रशिक्षण, 20 युवाओं का होगा चयन

## युवाओं के लिए रोजगार का नया अवसर, एक वर्षीय पंचकर्म कोर्स को मिली मंजूरी

» प्रथम न्यूज । चंबा
17 जून ( एएम नाथ )

युवाओं को रोजगारोन्मुखी कौशल प्रदान करने और आयुर्वेदिक स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने की दिशा में जिला आयुर्वेदिक अस्पताल चंबा में शीघ्र ही एक वर्षीय पंचकर्म तकनीशियन प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया जाएगा। तकनीकी शिक्षा विभाग, हिमाचल प्रदेश के तत्वावधान में संचालित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत 20 युवाओं का चयन मेरिट के आधार पर किया जाएगा।

प्रशिक्षण के दौरान चयनित अभ्यर्थियों को पंचकर्म चिकित्सा से संबंधित सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक ज्ञान प्रदान किया जाएगा। प्रतिभागियों को आयुर्वेद की प्रमुख पंचकर्म प्रक्रियाओं-वमन, विरेचन, नस्य तथा बस्ति-के बारे में विस्तार से प्रशिक्षित किया जाएगा। इसके साथ ही रोग निवारण, शरीर शोधन और स्वास्थ्य संवर्धन से जुड़े आयुर्वेदिक सिद्धांतों की भी जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम के





अंतर्गत प्रशिक्षणार्थियों को रक्तमोक्षण, अग्निकर्म, जलौकावचरण (लीच थेरेपी), क्षारकर्म तथा अन्य परासर्जिकल आयुर्वेदिक प्रक्रियाओं का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी मिलेगा। यह प्रशिक्षण अनुभवी आयुर्वेद चिकित्सकों के मार्गदर्शन में संचालित किया जाएगा, जिससे प्रतिभागियों को वास्तविक कार्य-अनुभव प्राप्त हो सके और वे स्वास्थ्य क्षेत्र की आवश्यकताओं के अनुरूप दक्ष बन सकें। विभाग के अनुसार इस कोर्स का मुख्य उद्देश्य आयुर्वेदिक चिकित्सा सेवाओं के लिए प्रशिक्षित तकनीकी एवं सहायक स्वास्थ्य कार्यबल तैयार करना है। प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने वाले अभ्यर्थी निजी अस्पतालों, पंचकर्म केंद्रों और स्वास्थ्य संस्थानों में पंचकर्म तकनीशियन के रूप में कार्य करने के पात्र होंगे। इससे युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होने की उम्मीद है। प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले प्रतिभागियों को तकनीकी शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला द्वारा प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाएगा। यह प्रमाण-पत्र निजी क्षेत्र में रोजगार प्राप्त करने में सहायक सिद्ध होगा। एएमओ एवं नोडल अधिकारी पंचकर्म तकनीशियन कोर्स, डॉ. कुलविंदर संधू ने बताया कि यह कार्यक्रम युवाओं को कौशल आधारित प्रशिक्षण प्रदान कर स्वास्थ्य क्षेत्र में रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। वहीं जिला आयुष अधिकारी डॉ. अनीता शर्मा ने कहा कि आयुष विभाग प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण आयुर्वेदिक स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और प्रशिक्षित मानव संसाधन तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह कार्यक्रम युवाओं को रोजगार देने के साथ-साथ ग्रामीण और दूरदराज क्षेत्रों तक आयुर्वेदिक सेवाओं की पहुंच को और मजबूत करेगा।

### साईं में भाजपा किसान मोर्चा की बैठक

#### जैविक खेती और किसानों की समस्याओं पर हुई चर्चा

**बीबीएन, 17 जून ( तारा )** – दून विधानसभा क्षेत्र के साईं में भाजपा किसान मोर्चा की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता हिमाचल भाजपा किसान मोर्चा के कोषाध्यक्ष एवं समाजसेवी हंसराज चंदेल ने की। इस दौरान जैविक खेती को बढ़ावा देने और किसानों के समक्ष आ रही विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए हंसराज चंदेल ने कहा कि केंद्र सरकार किसानों के हित में अनेक योजनाएं और कल्याणकारी कदम उठा रही है, जिनका उद्देश्य कृषि क्षेत्र को मजबूत बनाना और किसानों की आय बढ़ाना है। उन्होंने आरोप लगाया कि हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार किसानों के हितों की अनदेखी कर रही है, जिससे उन्हें विभिन्न कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने किसानों से आधुनिक तकनीकों के साथ-साथ जैविक खेती अपनाने का आह्वान किया और कहा कि इससे उत्पादन की गुणवत्ता बढ़ने के साथ पर्यावरण संरक्षण में भी मदद मिलेगी। बैठक में मौजूद किसानों और कार्यकर्ताओं ने भी अपनी समस्याएं एवं सुझाव साझा किए तथा कृषि क्षेत्र के विकास के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। इस मौके पर किसान मोर्चा अध्यक्ष दून विधानसभा मान सिंह ठाकुर, महामंत्री कश्मीरी लाल शर्मा, उपाध्यक्ष राम लाल ठाकुर, पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रेम चंद ठाकुर, पूर्व प्रधान साईं चेत राम समेत कई मौजूद रहे।



# सीमाओं से संवाद, विकास से जुड़ाव

## जन-जागरूकता और सामुदायिक गतिविधिया

» प्रथम न्यूज । शिमला/दिल्ली
17 जून ( बी.शर्मा )

सीमावर्ती क्षेत्रों को विकास और जनभागीदारी के नए केंद्रों के रूप में सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए माई भारत, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार ने भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के सहयोग से विकसित वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम2026 के द्वितीय चरण का शुभारंभ किन्नौर के रिकांग पिओ स्थित आईटीबीपी बेस कैंप से किया। कार्यक्रम का उद्देश्य सीमांत क्षेत्रों के समग्र विकास को गति देना, युवाओं को राष्ट्र निर्माण से जोड़ना तथा सीमावर्ती समुदायों के साथ सार्थक सहभागिता को बढ़ावा देना है। यह पहल भारत सरकार की उस व्यापक सोच का हिस्सा है जिसके तहत सीमावर्ती गांवों को केवल सुरक्षा की दृष्टि से नहीं, बल्कि विकास, अवसर और आत्मनिर्भरता के केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है।



इस चरण में देश के विभिन्न राज्यों से आए 63 प्रतिभागियों को 13 सीमावर्ती गांवों में भेजा गया है, जिन्हें 6 क्लस्टरों में विभाजित किया गया है। अगले सात दिनों तक ये युवा किन्नौर और लाहौल-स्पीति के गांवों में रहकर स्थानीय समुदायों के साथ मिलकर सामाजिक, सांस्कृतिक और जन-जागरूकता आधारित गतिविधियों का संचालन करेंगे।

प्रतिभागियों को आईटीबीपी की 17वीं वाहिनी के उप कमांडेंट वीरेंद्र सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सीमावर्ती गांव देश की पहचान और सुरक्षा दोनों के महत्वपूर्ण आधार हैं तथा युवाओं की भागीदारी इन क्षेत्रों में सामाजिक ऊर्जा और नए विचार लेकर आती है। उन्होंने युवाओं से राष्ट्रीय एकता, सेवा और सामुदायिक नेतृत्व की भावना के साथ कार्य करने का आह्वान किया। गांवों में प्रस्थान से पहले प्रतिभागियों ने रेकांग पियो स्थित आईटीबीपी बेस कैंप में तीन दिवसीय अनुकूलन प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण के दौरान स्वास्थ्य परीक्षण, शारीरिक तैयारी, सुरक्षा संबंधी दिशा-निर्देश, स्थानीय संस्कृति और परंपराओं की जानकारी, उच्च हिमालयी परिस्थितियों में कार्य करने की तैयारी तथा आईटीबीपी अधिकारियों के साथ संवाद सत्र आयोजित किए गए। इसका उद्देश्य प्रतिभागियों को चुनौतीपूर्ण भौगोलिक परिस्थितियों में प्रभावी कार्य के लिए तैयार करना था। अपने प्रवास के दौरान प्रतिभागी स्वच्छता अभियान, खेल एवं युवा गतिविधियां, सांस्कृतिक आदान-प्रदान, विद्यालयों और स्थानीय समुदायों के साथ संवाद, सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता तथा सामुदायिक विकास कार्यक्रमों का संचालन करेंगे। इन प्रयासों से युवाओं और सीमांत समुदायों के बीच विश्वास, सहयोग और साझा सीख का वातावरण मजबूत होने की उम्मीद है। विकसित वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम युवाओं को सीमाओं के जीवन को समझने, स्थानीय संस्कृति से जुड़ने और राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी का अवसर देने वाली एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में उभर रहा है। माई भारत और आईटीबीपी का यह संयुक्त प्रयास विकसित और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक सार्थक कदम माना जा रहा है।





# बड़गांव में आभार समारोह: विवेक कुमार का भव्य स्वागत, धार्मिक स्थल के शैड निर्माण पर जताया धन्यवाद

» प्रथम न्यूज । बिलासपुर
04 जून जितेंद्र गौतम

विकास खण्ड झंडूत्ता की ग्राम पंचायत बड़गांव में स्थानीय लोगों द्वारा आभार व धन्यवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया! जिसमें हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव विवेक कुमार ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की! ग्रामवासियों द्वारा सबसे पहले बड़गांव के पज्याल जख से कार्यक्रम स्थल तक ढ़ोल नगाड़ों व फूल मालाएं पहनाकर भव्य स्वागत के साथ मुख्यातिथि विवेक कुमार को सभा स्थल तक ले जाया गया! ततपश्चात ग्रामवासियों द्वारा मुख्यातिथि को शाल व टोपी पहनाकर सम्मानित किया गया! ग्रामवासियों ने धन्यवाद व आभार प्रकट करते हुए कहा कि गांव गट्टी के इस धार्मिक स्थल पर पिछले 50 वर्षों से इस स्थान पर श्रीमद् भागवत, विवाह शादियां वह अन्य धार्मिक कार्यक्रम होते रहते हैं!

लेकिन छत न होने के कारण बरसात व अन्य मौसम में लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था! ग्राम वासियों ने इस समस्या को विवेक कुमार के सामने रखा और उन्होंने इस धार्मिक स्थल पर शैड डलवाने की बात कही थी और उन्होंने 2 लाख रुपये की राशि स्वीकृत करके इस कार्य को पूर्ण करवाया! मुख्यातिथि विवेक कुमार ने लोगों को सम्बोधित करते हुए व बधाई देते हुए कहा कि यह लोगों का मौलिक अधिकार है!

उन्होंने कहा की बड़गांव से लेकर वाया गट्टी फटोह सड़क पर शीघ्र ही टायरिंग का कार्य शुरू करवा दिया जायेगा और इसके साथ धार्मिक स्थल पर हैंडपंप लगाना व गट्टी वासियों की प्रमुख मांग उन्हें ओबीसी के दायरे में लाने की बात को पूर्ण करने का आश्वासन दिया! इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के प्रधान विजय कौशल, नवनिर्वाचित उपप्रधान ओमप्रकाश शर्मा,ज़िला सचिव रणवीर राणु, कर्मदेव शास्त्री, गगन सिंह, पंकज सोनी, कुलदीप कुमार, श्याम लाल, दूनी चंद, परमानंद, अभिषेक, नन्द किशोर, नवीन कुमार, सेवानिवृत सब इंस्पेक्टर धनी राम, प्यार सिंह सहित भारी संख्या में महिलाएं, बुजुर्ग, युवा व बच्चे शामिल थे।

प्रथम न्यूज़
राष्ट्रीय हिंदी दैनिक
हरियाणा न्यूज़
Website : www.prathamnews.in

## संक्षिप्त न्यूज

### चंडीगढ़ में गोलीबारी मामले में लापरवाही पर पांच (5) पुलिसकर्मी निलंबित

**चंडीगढ़, 17 जून ( पुनीत महाजन )** - चंडीगढ़ में हाल ही में हुई गोलीबारी की घटना के बाद चंडीगढ़ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ड्यूटी में लापरवाही बरतने के आरोप में पांच पुलिस कर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि घटना के दौरान संबंधित पुलिस कर्मी निर्धारित नाके पर तैनात नहीं थे, जिसके चलते वरिष्ठ अधिकारियों ने उनके खिलाफ सख्त विभागीय कार्रवाई की है।



निलंबित किए गए पुलिस कर्मियों में एसआई बचित्तर सिंह (नं. 1981/CHG), एल/सी सुमन (नं. 4227/CP), वरिष्ठ कांस्टेबल रॉबिन (नं. 1801/CP), एल/सी दीक्षा (नं. 2870/CP) तथा वरिष्ठ एल/सी जसपाल कौर (नं. 3192/CP) शामिल हैं। ये कर्मचारी क्रमशः पुलिस स्टेशन-11, पुलिस पोस्ट लेक, पुलिस स्टेशन-3 तथा पुलिस स्टेशन आईटी पार्क में तैनात थे।

चंडीगढ़ पुलिस के अनुसार, कानून-व्यवस्था बनाए रखने और पुलिस बल में जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए यह कार्रवाई की गई है। विभागीय नियमों के तहत निलंबन अवधि के दौरान सभी कर्मियों को जिला पुलिस लाइंस, सेक्टर-26, चंडीगढ़ में रिपोर्ट करने के निर्देश दिए गए हैं।

निलंबन अवधि में उनकी सेवाएं पंजाब पुलिस नियम (PPR) 16.21 के प्रावधानों के अनुसार संचालित होंगी तथा उन्हें नियमानुसार देय जीवन-निर्वाह भत्ता (Subsistence Allowance) प्रदान किया जाएगा।

यह आदेश वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी), यूटी चंडीगढ़ सुमेर प्रताप सिंह, आईपीएस द्वारा जारी किए गए हैं। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि ड्यूटी में किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और भविष्य में भी ऐसी घटनाओं पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### चंडीगढ़ में एशियन गेम्स 2027 रिले कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर राज्यपाल ने किया शहर के प्रमुख स्थलों का निरीक्षण



**चंडीगढ़, 17 जून( पुनीत महाजन )** - पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने आज एशियन गेम्स 2027 रिले कार्यक्रम की तैयारियों के मद्देनजर शहर के प्रमुख चौकों, जंक्शनों, राउंडअबाउट्स तथा सार्वजनिक स्थलों का निरीक्षण कर विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्यों की समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान राज्यपाल ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर के प्रमुख मार्गों, राउंडअबाउट्स एवं सार्वजनिक स्थलों के व्यापक सौंदर्यीकरण, स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने, हरित विकास को बढ़ावा देने तथा आधारभूत सुविधाओं के उन्नयन के लिए समयबद्ध कार्ययोजना तैयार की जाए।

गुलाब चंद कटारिया ने कहा कि एशियन गेम्स 2027 रिले कार्यक्रम के दृष्टिगत चंडीगढ़ को और अधिक आकर्षक, स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित स्वरूप प्रदान करने के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय एवं प्रतिबद्धता के साथ कार्य करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विकास एवं सौंदर्यीकरण से संबंधित सभी कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण किए जाएं, ताकि चंडीगढ़ अपनी विश्वस्तरीय पहचान को और अधिक सुदृढ़ कर सके।

राज्यपाल ने कहा कि शहर की सुंदरता, स्वच्छता एवं आधुनिक आधारभूत ढांचे का विकास प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है तथा इन लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

इस अवसर पर चंडीगढ़ के डिप्टी कमिश्नर निशांत यादव, नगर निगम चंडीगढ़ के आयुक्त अमित कुमार, चंडीगढ़ प्रशासन के मुख्य अभियंता सी.बी. ओझा सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### मोहनलाल भांवरा बने ब्लॉक कांग्रेस इस्माईलाबाद के अध्यक्ष, कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर

**इस्माईलाबाद ( सुनील कोमल )** कांग्रेस पार्टी ने वरिष्ठ एवं कर्मठ कार्यकर्ता मोहनलाल भांवरा को ब्लॉक कांग्रेस इस्माईलाबाद का ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति से क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं नेताओं में खुशी का माहौल है। कार्यकर्ताओं ने इसे पार्टी नेतृत्व द्वारा उनकी वर्षों की संगठनात्मक निष्ठा, सक्रियता और जनसेवा का सम्मान बताया। मोहनलाल भांवरा लंबे समय से कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने तथा संगठन को मजबूत बनाने के लिए सक्रिय रूप से कार्य करते रहे हैं। उनकी नियुक्ति पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई देते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में ब्लॉक कांग्रेस संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा क्षेत्र में पार्टी की गतिविधियों को नई गति मिलेगी।



इस अवसर पर मोहनलाल भांवरा एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पार्टी हाईकमान का आभार व्यक्त किया। उन्होंने विशेष रूप से सोनिया गांधी, राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, वी.के. हरिप्रसाद, भूपेंद्र सिंह हुड्डा, राव नरेंद्र सिंह, दीपेंद्र सिंह हुड्डा, कुमारी शैलजा, मनदीप सिंह चट्ठा एवं मेवा सिंह सहित सभी वरिष्ठ नेताओं का धन्यवाद करते हुए कहा कि समर्पित एवं योग्य कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपने से संगठन और अधिक सशक्त होगा।







# मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मुनीमपुर में किसानों को प्रदान किए पुष्प रत्न एवं पुष्प सम्मान पुरस्कार

## फ्लोरीकल्चर क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए मुख्यमंत्री ने प्रगतिशील किसानों को किया सम्मानित

**» प्रथम न्यूज । चंडीगढ़**
**17 जून ( मुकेश डोलिया )**

गांव मुनीमपुर में बुधवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने फ्लोरीकल्चर (पुष्प उत्पादन) क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के विभिन्न जिलों से चयनित किसानों को पुष्प रत्न एवं पुष्प सम्मान पुरस्कार प्रदान कर उनके उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा के किसान आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाकर खेती में नए आयाम स्थापित कर रहे हैं। विशेष रूप से पुष्प उत्पादन के क्षेत्र में किसानों ने अपनी मेहनत, नवाचार और वैज्ञानिक पद्धतियों के माध्यम से उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। उन्होंने कहा कि फ्लोरीकल्चर किसानों की आय बढ़ाने के साथ-साथ कृषि क्षेत्र में विविधीकरण को भी बढ़ावा दे रहा है।

मुख्यमंत्री ने सम्मानित किसानों को शॉल, प्रशस्ति पत्र एवं सम्मान चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने किसानों से आधुनिक तकनीकों को अपनाने और बागवानी एवं पुष्प उत्पादन को बढ़ावा देने का आह्वान किया।

किसानों की आय बढ़ाने और बागवानी क्षेत्र को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर सरकार प्रयासरत

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों की आय बढ़ाने और बागवानी क्षेत्र को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। आधुनिक बागवानी तकनीकों, अनुसंधान और प्रशिक्षण सुविधाओं के विस्तार से किसानों को अधिक लाभ मिलेगा तथा हरियाणा फ्लोरीकल्चर के क्षेत्र में नई पहचान स्थापि करेगा

### यह किसान हुए पुरस्कृत

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने पुष्प रत्न अवार्ड से जिला फरीदाबाद के गांव फतेहपुर बिलोच निवासी ललित सैनी, जिला पंचकूला के गांव भारली निवासी छोटेलाल तथा गांव नंदपुर निवासी राहुल सिंह, जिला रोहतक के गांव मडोदी जाटयान निवासी राजकुमार, जिला रेवाड़ी के गांव ढाणी राधा निवासी सुरेंद्र कुमार, गांव खालेटा निवासी संदीप कुमार, गांव खोल निवासी सत्यनारायण तथा गांव ढवाना निवासी ज्ञानी राम, तथा जिला नारनौल के गांव डिगरोटा निवासी राजेश देवी को सम्मानित किया। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री ने जिला गुरुग्राम के गांव हमीरपुर निवासी केशव चौहान तथा जिला पलवल के गांव पाथली कलां निवासी रणवीर सिंह को भी पुष्प रत्न अवार्ड प्रदान किया। वहीं जिला झज्जर के गांव सौंधी निवासी खजान सिंह को फ्लोरीकल्चर क्षेत्र में विशेष उपलब्धियों के लिए पुष्प सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने सम्मानित किसानों की उपलब्धियों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी।

# सम्मान से परिणाम तकः मेयर सौरभ जोशी ने शुरू किया चंडीगढ़ का पहला वार्ड-वार मेगा डीप क्लीनिंग अभियान

## सेक्टर-15 से हुई शुरुआत, सफाई मित्रों के पैर धोकर किया सम्मान; अगले चरण में वार्ड 4, 5 और 6 में चलेगा अभियान





**» प्रथम न्यूज । चंडीगढ़**
**17 जून ( पुनीत महाजन )**

चंडीगढ़ को स्वच्छ, हरित और नागरिक-अनुकूल शहर बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल करते हुए मेयर सौरभ जोशी ने आज सेक्टर-15 से शहर के पहले वार्ड-वार मेगा डीप क्लीनिंग अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि यह मॉडल अभियान चरणबद्ध तरीके से शहर के सभी वार्डों में लागू किया जाएगा।

अभियान की शुरुआत भावनात्मक और प्रेरणादायक माहौल में हुई, जब मेयर सौरभ जोशी ने महिला सफाई कर्मियों के पैर धोकर तथा तिलक लगाकर उनका सम्मान किया। उन्होंने सफाई मित्रों को शहर की स्वच्छता व्यवस्था की रीढ़ बताते हुए कहा कि स्वच्छ चंडीगढ़ का निर्माण उनके समर्पण और अथक परिश्रम से ही संभव है।

इस अवसर पर पंजाब विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. परवीन कुमार के नेतृत्व में एनएसएस स्वयंसेवकों, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए), मार्केट वेलफेयर एसोसिएशन (एमडब्ल्यूए), स्थानीय निवासियों तथा नगर निगम के विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

मेयर के साथ नगर निगम के संयुक्त आयुक्त बलबीर राज सिंह, अधीक्षण अभियंता, कार्यकारी अभियंता, स्वास्थ्य पर्यवेक्षक तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

अभियान शुरू करने से पहले मेयर ने सेक्टर-15 के आवासीय और व्यावसायिक क्षेत्रों का व्यापक निरीक्षण किया तथा स्वच्छता और नागरिक सुविधाओं की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित विभागों को अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए बेहतर योजना, विभागों के बीच समन्वय तथा संसाधनों के प्रभावी उपयोग के निर्देश दिए।

मेयर सौरभ जोशी ने कहा कि सेक्टर-15 को इस पहल के तहत प्रथम मॉडल वार्ड के रूप में चुना गया है। उन्होंने घोषणा की कि अगले चरण में वार्ड नंबर 4, 5 और 6 में मेगा डीप क्लीनिंग अभियान चलाया जाएगा, जिसके बाद इसे पूरे शहर में विस्तारित किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य केवल सड़कों और सार्वजनिक स्थलों की सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रत्येक वार्ड में नागरिक सुविधाओं और आधारभूत ढांचे की समग्र गुणवत्ता में सुधार करना है।

अभियान के अंतर्गत क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत और री-कारपेटिंग, सड़क किनारे नालियों की सफाई, फुटपाथों की मरम्मत, बाजारों में टूटी रेलिंगों की बहाली, पार्कों का सौंदर्यीकरण, सीवरेज एवं वर्षा जल निकासी लाइनों की सफाई, पेयजल रिसाव रोकना, स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत, वृक्षों की छंटाई, बागवानी रखरखाव तथा व्यापक स्वच्छता कार्य शामिल हैं।

मेयर ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य नागरिकों को स्वच्छ, स्वस्थ और सुंदर वातावरण उपलब्ध कराना तथा नगर सेवाओं की गुणवत्ता और विश्वसनीयता में सुधार करना है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखें और नगर निगम की टीमों का सहयोग करें।

नगर निगम की प्रतिबद्धता दोहराते हुए मेयर सौरभ जोशी ने कहा कि वार्ड-वार मेगा डीप क्लीनिंग अभियान को मिशन मोड में पूरे चंडीगढ़ में लागू किया जाएगा, ताकि स्वच्छता, आधारभूत ढांचे और जीवन स्तर में स्थायी एवं स्पष्ट सुधार सुनिश्चित किया जा सके।

उन्होंने कहा, निवासियों, स्वयंसेवकों और नगर निगम की टीमों से मिले सकारात्मक सहयोग ने हमें उत्साहित किया है। हमारा लक्ष्य इस मॉडल अभियान को प्रत्येक वार्ड तक पहुंचाकर चंडीगढ़ को देश के सबसे स्वच्छ, हरित और नागरिक-अनुकूल शहरों में शामिल करना है।

उन्होंने कहा, स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। इस वार्ड-वार पहल के माध्यम से हम प्रत्येक नागरिक के लिए एक स्वच्छ, स्वस्थ और जीवंत चंडीगढ़ का निर्माण करना चाहते हैं।

# नवीन जिंदल फाउंडेशन द्वारा नानकपुरा व चुनियां फार्म में निशुल्क मेडिकल शिविर आयोजित, दर्जनों ग्रामीणों ने उठाया लाभ



**» प्रथम न्यूज । पिहोवा**
**17 जून ( मुकेश डोलिया )**

समाजसेवा और जनकल्याण के उद्देश्य से नवीन जिंदल फाउंडेशन की ओर से गांव नानकपुरा एवं चुनियां फार्म में निशुल्क मेडिकल शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधी परामर्श, आवश्यक जांच तथा निशुल्क दवाइयां उपलब्ध करवाई गईं। फाउंडेशन की मेडिकल वैन के माध्यम से आयोजित शिविर में डॉ. पूर्ण मल के नेतृत्व में स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करते हुए गांव नानकपुरा में 15 लोगों के स्वास्थ्य की जांच करके उनमें निशुल्क दवाइयां वितरित की गईं। जबकि 6 लोगों के लैब टेस्ट करवाए गए। इसी प्रकार चुनियां फार्म में 24 लोगों को दवाइयां उपलब्ध करवाई गईं और 3 लोगों के लैब टेस्ट किए गए। शिविर के दौरान ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता भी प्रदान की गई और समय-समय पर स्वास्थ्य जांच करवाने की सलाह दी गई। दोनों स्थानों पर आयोजित शिविरों में कुल मिलाकर लगभग 50 लोगों ने लाभ प्राप्त किया।

सांसद कार्यालय के प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि 17 जून को सांसद कार्यालय, जिंदल हाउस, मोहन नगर में दिव्यांगजनों के लिए विशेष शिविर आयोजित किया जाएगा। इस शिविर में पात्र दिव्यांग व्यक्तियों को उनकी आवश्यकता के अनुसार विभिन्न सहायक उपकरण उपलब्ध करवाने के लिए उनका रजिस्ट्रेशन किया जाएगा तथा साइज इत्यादि लिए जाएंगे। जिससे कि वे अपने दैनिक जीवन को अधिक सुगमता से संचालित कर सकें। उन्होंने ग्रामीणों को नवीन जिंदल यशस्वी छात्रवृत्ति योजना की भी जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि इस योजना का उद्देश्य मेधावी एवं जरूरतमंद विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए आर्थिक सहयोग प्रदान करना है। पात्र विद्यार्थी योजना का लाभ लेकर अपनी उच्च शिक्षा के सपनों को साकार कर सकते हैं। ग्रामीणों ने नवीन जिंदल फाउंडेशन द्वारा स्वास्थ्य एवं सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की।

# विदेशी महिला बनकर फेसबुक पर दोस्ती, फर्जी बैंक व एयरपोर्ट अधिकारियों के जरिए 8.75 लाख रुपये की साइबर ठगी करने वाले गिरोह के 5 आरोपी गिरफ्तार

■ आरोपियों में 2 नाइजीरियन शामिल

**» प्रथम न्यूज । कैथल**
**17 जून ( कृष्ण गर्ग )**

एक तरफ जहां जिला पुलिस द्वारा निरंतर आमजन को साइबर अपराधों से बचाव बारे जागरूक किया जा रहा है। वहीं एसपी मनप्रीत सिंह सूदन के कुशल नेतृत्व में साइबर ठगो पर शिकंजा भी कसा जा रहा है। इसी कड़ी में साइबर अपराध थाना कैथल ने एक व्यक्ति से विदेशी महिला बनकर दोस्ती करने, फर्जी बैंक खाता खुलवाने तथा कस्टम ड्यूटी, बैंक चार्ज, वैट कोड व धनराशि रिफंड कराने के नाम पर 8 लाख 75 हजार रुपये की साइबर ठगी करने वाले संगठित गिरोह का पर्दाफाश करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। जांच अधिकारी एसआई रविंद्र कुमार ने बताया की जनकपुरी कॉलोनी कैथल, निवासी एक व्यक्ति जो कि वरिष्ठ नागरिक हैं, को फरवरी 2025 में उसकी फेसबुक मैसेंजर पर जॉनसन डेनियल नाम की महिला की आईडी से संदेश आने शुरू हुए। शुरुआत में शिकायतकर्ता ने कोई जवाब नहीं दिया, लेकिन बाद में बातचीत शुरू होने पर उक्त महिला ने स्वयं को यूनाइटेड किंगडम के मैनचेस्टर शहर की निवासी बताया। धीरे-धीरे दोनों के बीच नियमित बातचीत होने लगी और महिला ने शिकायतकर्ता का व्हाट्सएप नंबर प्राप्त कर लिया। आरोपियों द्वारा सुनियोजित तरीके से विश्वास कायम करने के लिए महिला की फोटो, महंगे उपहारों की तस्वीरें, हवाई टिकट तथा फ्लाइट में यात्रा करते हुए फोटो भेजे गए। महिला ने शिकायतकर्ता को बताया कि वह भारत घूमने आ रही है और यहां उसका कोई परिचित नहीं है। 5 मार्च 2025 को शिकायतकर्ता के पास स्वयं को मुंबई एयरपोर्ट कर्मचारी बताने वाली एक महिला का फोन आया, जिसने बताया कि विदेशी महिला भारत पहुंच चुकी है, लेकिन उसके पास बड़ी मात्रा में ब्रिटिश पाउंड होने के कारण कस्टम विभाग ने उसे रोक रखा है। इसके बाद कस्टम ड्यूटी, क्लियरेंस चार्ज तथा अन्य सरकारी शुल्कों के नाम पर शिकायतकर्ता से अलग-अलग मोबाइल नंबरों और बैंक खातों में रकम जमा करवाई जाने लगी। आरोपियों ने शिकायतकर्ता को भरोसा दिलाया कि जमा करवाई गई पूरी राशि बाद में वापस कर दी जाएगी। शिकायतकर्ता से पहले 29,500 रुपये, फिर 19,500 रुपये, 13,000 रुपये तथा 30,000 रुपये सहित कई किस्तों में रकम ट्रांसफर करवाई गई। आरोपियों ने शिकायतकर्ता को भावनात्मक रूप से प्रभावित करने के लिए रोते हुए वीडियो भेजे और महिला को छुड़वाने के नाम पर लगातार पैसों की मांग करते रहे। इसके बाद शिकायतकर्ता से बैंक खाता और पहचान संबंधी दस्तावेज भी हासिल कर लिए गए।



आरोपियों ने फर्जी बैंकिंग प्रक्रिया के तहत शिकायतकर्ता के नाम पर कथित विदेशी बैंक का डिजिटल खाता खोलने का नाटक किया तथा उसे एक लिंक भेजकर बताया कि उसके खाते में विदेशी मुद्रा ट्रांसफर कर दी गई है। आरोपियों ने शिकायतकर्ता को डाक के माध्यम से एक कथित अंतरराष्ट्रीय बैंक का एटीएम कार्ड भी भेजा। बाद में स्वयं को बैंक कर्मचारी और बैंक मैनेजर बताने वाले व्यक्तियों ने एटीएम कार्ड सक्रिय करने, विदेशी मुद्रा जारी करने, वैट कोड प्राप्त करने तथा बैंकिंग औपचारिकताएं पूरी करने के नाम पर बार-बार रुपये जमा करवाए।

शिकायतकर्ता को विश्वास दिलाया जाता रहा कि करोड़ों रुपये मूल्य की विदेशी मुद्रा उसके खाते में जमा है और सभी शुल्क जमा होते ही रकम उसके खाते में ट्रांसफर कर दी जाएगी।

झांसे में आए शिकायतकर्ता ने अपने साथ-साथ अपने परिचित जयप्रकाश के बैंक खातों से भी विभिन्न मोबाइल नंबरों, फोन-पे, गूगल-पे और अन्य डिजिटल माध्यमों से लगातार रकम भेजी। मार्च से मई 2025 के बीच आरोपियों ने अलग-अलग बहानों से कुल 8 लाख 75 हजार रुपये की ठगी कर ली। जब काफी समय बीतने के बाद भी कोई रकम वापस नहीं मिली तो शिकायतकर्ता को अपने साथ हुई धोखाधड़ी का एहसास हुआ। जिस बारे थाना साइबर क्राइम में मामला दर्ज किया गया।

मामले की जांच थाना साइबर क्राइम एसएचओ एसआई रणदीप की अगुवाई में एसआई रविंद्र कुमार की टीम द्वारा करते हुए आरोपी बीर बहादुर गुरूंग उर्फ दीपक तमंग निवासी कसाय रोड़, कुनाघाट, गोरखपुर उत्तर प्रदेश हाल निवासी उत्तम नगर, दिल्ली, दीपा बिश्वाकर्मा निवासी जवाहर पार्क, देवली रोड़, दक्षिणी दिल्ली, रेखा सुहाग निवासी तुंग लुक समदाड़ा, द्य जिला दार्जलिंग प. बंगाल हाल मालवीय नगर दिल्ली तथा नाइजीरिया निवासी महिला नजूबे चूकवुड़ी तथा पुरुष इटोहन मर्सी हाल निवासी देवली रोड़ दिल्ली को गिरफ्तार कर लिया गया। उक्त ठगी नाइजीरिया निवासी आरोपियों द्वारा की गई, उनके द्वारा ही यह फेसबुक आईडी बनाई गई। बाकी तीनो आरोपी उक्त नाइजीरिया निवासी आरोपियों के लिए खाता उपलब्ध करवाने का काम करते है, जिसमें यह ठगी की राशी डलवाते है। आरोपी रेखा को न्यायिक हिरासत भेजा जा चुका है। बाकी सभी आरोपी न्यायालय में पेश किए जाएंगे, जिनसे पूछताछ की जा रही है।

पुलिस अधीक्षक श्री मनप्रीत सिंह सूदन ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर अज्ञात व्यक्तियों द्वारा की गई मित्रता, विदेश से उपहार भेजने, लॉटरी जीतने, निवेश पर अधिक लाभ, कस्टम ड्यूटी अथवा बैंक शुल्क जमा करवाने जैसे किसी भी प्रलोभन में न आएं। किसी भी संदिग्ध कॉल, मैसेज या ऑनलाइन लेन-देन की स्थिति में तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 अथवा राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज करवाएं।

आज का
# संपादकीय

## बिछड़े साथियों की वापसी या नई सियासी शुरुआत

**पंजाब की राजनीति में भाजपा-शिअद गठबंधन की चर्चाएँ एक बार फिर सियासी हलचल बढ़ा रही हैं। यह कदम पुराने रिश्तों की वापसी भी हो सकता है और नई रणनीतिक शुरुआत भी। लेकिन इसकी सफलता भरोसे, जनभावनाओं और ज़मीनी समीकरणों पर निर्भर करेगी। आने वाला समय तय करेगा कि यह गठबंधन सिर्फ चर्चा है या वास्तविक राजनीतिक बदलाव।**

**एएम नाथ**

पंजाब की राजनीति एक बार फिर निर्णायक मोड़ पर खड़ी दिखाई दे रही है। हाल ही में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के बीच हुई कथित बैठक और उसमें शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के साथ संभावित चुनावी गठबंधन पर हुई चर्चा ने राज्य की सियासत में नई हलचल पैदा कर दी है। लंबे समय तक एक-दूसरे के सबसे भरोसेमंद सहयोगी रहे भाजपा और शिअद के बीच पिछले कुछ वर्षों में रिश्तों में खटास आई थी, विशेषकर कृषि कानूनों को लेकर हुए राजनीतिक घटनाक्रम के बाद। अब एक बार फिर दोनों दलों के बीच संवाद की संभावना ने राजनीतिक समीकरणों को पुन: सक्रिय कर दिया है।

पंजाब में भाजपा की स्थिति पारंपरिक रूप से सीमित रही है, खासकर ग्रामीण और किसान बहुल क्षेत्रों में उसका जनाधार अपेक्षाकृत कमजोर रहा है। दूसरी ओर शिअद का आधार मुख्यत: सिख मतदाता और ग्रामीण पंजाब में मजबूत रहा है। दोनों दलों का पुराना गठबंधन दशकों तक पंजाब की राजनीति का प्रमुख स्तंभ रहा है। ऐसे में यदि यह साझेदारी पुन: बनती है, तो यह केवल एक चुनावी समझौता नहीं बल्कि राज्य की राजनीतिक दिशा को प्रभावित करने वाला बड़ा कदम साबित हो सकता है।

सूत्रों के अनुसार हालिया बैठकों में संघ नेतृत्व ने पंजाब भाजपा के नेताओं से जमीनी फीडबैक लिया और यह समझने की कोशिश की कि क्या शिअद के साथ दोबारा हाथ मिलाना संगठनात्मक और चुनावी दृष्टि से लाभकारी होगा। कई नेताओं ने व्यावहारिक राजनीति के आधार पर गठबंधन की वकालत की, यह तर्क देते हुए कि पंजाब में बहुकोणीय मुकाबले में अकेले चुनाव लड़ना भाजपा के लिए सीमित सफलता ही सुनिश्चित कर सकता है।

हालांकि इस संभावित गठबंधन के सामने कई गंभीर चुनौतियाँ भी हैं। सबसे पहली चुनौती भरोसे की कमी है। कृषि कानूनों के मुद्दे के दौरान शिअद ने भाजपा से अलग होकर अपने राजनीतिक आधार को पुन: मजबूत करने की कोशिश की थी। उस दौरान दोनों दलों के बीच जो राजनीतिक दूरी बनी, वह पूरी तरह से समाप्त नहीं हुई है। मतभेदों की यह पृष्ठभूमि किसी भी नए समझौते की राह में बाधा बन सकती है।

दूसरी चुनौती बदलते राजनीतिक समीकरण हैं। पंजाब की राजनीति में आम आदमी पार्टी (आप) का उदय एक महत्वपूर्ण कारक बन चुका है। पिछले विधानसभा चुनावों में आप की बड़ी जीत ने पारंपरिक कांग्रेस-अकाली-भाजपा त्रिकोण को काफी हद तक बदल दिया है। ऐसे में कोई भी नया गठबंधन केवल पुराने समीकरणों के आधार पर सफल नहीं हो सकता। उसे नए मतदाताओं, विशेषकर युवाओं और शहरी मतदाताओं को भी ध्यान में रखना होगा।

तीसरी चुनौती वैचारिक और संगठनात्मक समन्वय की है। भाजपा की राष्ट्रीय राजनीति का एजेंडा और शिअद का क्षेत्रीय सिख राजनीति आधारित एजेंडा कई बार अलग-अलग प्राथमिकताओं पर आधारित रहा है। हालांकि दोनों दलों ने अतीत में साथ काम किया है, लेकिन मौजूदा राजनीतिक माहौल पहले से कहीं अधिक जटिल और प्रतिस्पर्धी है।

इसके बावजूद, इस संभावित गठबंधन के कुछ स्पष्ट फायदे भी हैं। सबसे बड़ा लाभ वोटों के बिखराव को रोकना होगा। यदि भाजपा और शिअद अलग-अलग चुनाव लड़ते हैं, तो इसका सीधा लाभ विपक्षी दलों को मिल सकता है। गठबंधन से ग्रामीण सिख वोट और शहरी हिंदू वोट का संतुलन बनाने की कोशिश की जा सकती है, जो पंजाब में चुनावी सफलता की कुंजी माना जाता है।

इसके अलावा, यह गठबंधन भाजपा को पंजाब में एक मजबूत क्षेत्रीय साझेदार प्रदान कर सकता है, जिससे संगठनात्मक ढांचे को जमीन पर मजबूती मिलेगी। वहीं शिअद को भी राष्ट्रीय स्तर पर एक बड़े दल के साथ जुड़कर अपनी राजनीतिक प्रासंगिकता बनाए रखने का अवसर मिल सकता है।

फिर भी, अंतिम निर्णय केवल रणनीति पर नहीं बल्कि जनभावनाओं पर भी निर्भर करेगा। पंजाब का मतदाता राजनीतिक रूप से काफी जागरूक और संवेदनशील माना जाता है। इसलिए कोई भी गठबंधन यदि केवल चुनावी गणित के आधार पर बनाया गया प्रतीत होता है, तो उसे जनता का समर्थन मिलना कठिन हो सकता है।

भाजपा और शिअद के बीच संभावित गठबंधन पंजाब की राजनीति में एक बड़ा मोड़ ला सकता है, लेकिन यह रास्ता सरल नहीं है। यह केवल सीटों के बंटवारे का सवाल नहीं है, बल्कि भरोसे, विचारधारा और जनविश्वास की पुनर्स्थापना का भी प्रश्न है। आने वाले समय में यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि क्या यह राजनीतिक साझेदारी पुराने रिश्तों को पुनर्जीवित कर पाती है या फिर यह केवल एक रणनीतिक चर्चा बनकर रह जाती है।

## समय अनमोल पूंजी



**नरेन्द्र भारती**
**वरिष्ठ पत्रकार**

प्रकृति ने मानव को चौबीस घंटे दिए हैं, सदुपयोग और दुरूपयोग मानव के हाथ में है क्योंकि कोई स्मार्ट वर्क करता है, कोई हार्ड वर्क करता है।

सुबह पाँच बजे का दृश्य देखो। एक तरफ शहर का एक युवा उठता है, मोबाइल खोलता है और इंस्टाग्राम, यूट्यूब पर दो घंटे निकाल देता है। फिर कहता है कि टाइम ही नहीं मिलता पढ़ाई के लिए। दूसरी तरफ उसी उम्र का दूसरा युवा उठता है, दो घंटे पढ़ाई करता है, एक घंटे एक्सरसाइज करता है और दिनभर के काम की प्लानिंग कर लेता है। शाम को वह कहता है कि आज का दिन बढ़िया गया। दोनों के पास चौबीस घंटे थे। प्रकृति ने किसी के साथ पक्षपात नहीं किया। लेकिन एक ने समय का सदुपयोग किया, दूसरे ने दुरूपयोग। यही फर्क जिंदगी का फर्क बन जाता है।

प्रकृति का सबसे बड़ा न्याय यही है कि उसने समय सबको बराबर बाँटा है। अमीर के पास भी चौबीस घंटे, गरीब के पास भी चौबीस घंटे। बड़े अधिकारी के पास भी उतना ही समय है जितना एक मजदूर के पास। पैसे कमाए जा सकते हैं, पद छिन सकते हैं, रिश्ते टूट सकते हैं, लेकिन जो चौबीस घंटे बीत गए वो कभी वापस नहीं आते। इसीलिए कहते हैं कि समय सबसे बड़ी पूंजी है और इस पूंजी का सदुपयोग और दुरूपयोग पूरी तरह हमारे हाथ में है।

पुराने जमाने में सफलता का पैमाना सिर्फ मेहनत था। जितना ज्यादा शरीर तोड़ोगे, उतना ज्यादा पाओगे। किसान सुबह से शाम तक खेत में लगा रहता था, मजदूर ईंट ढोता था, कारीगर दिनभर हथौड़ा चलाता था। यह हार्ड वर्क था और जरूरी भी था, क्योंकि बिना पसीने के कुछ नहीं मिलता। लेकिन आज का जमाना बदल गया है। आज सिर्फ पसीना बहाने से काम नहीं चलता। आज दिमाग चलाना पड़ता है। आज वही आगे निकलता है जो कम समय में ज्यादा काम निकाल ले। इसे स्मार्ट वर्क कहते हैं।

हार्ड वर्क का मतलब है ताकत लगाना और स्मार्ट वर्क का मतलब है तरीका बदलना। पहले एक क्लर्क फाइलों का ढेर लेकर बैठता था और पूरा दिन कागज पलटता रहता था। यह हार्ड वर्क था। आज वही काम कंप्यूटर पर दस मिनट में हो जाता है। यह स्मार्ट वर्क है। दोनों ने काम किया, लेकिन समय और मेहनत का फर्क साफ दिखता है। इसी तरह एक विद्यार्थी बारह घंटे किताब पर सिर रखकर बैठा रहता है लेकिन रिजल्ट नहीं आता। दूसरा चार घंटे पढ़ता है, जो पढ़ता है उसे समझकर पढ़ता है, रिवीजन करता है, मॉक टेस्ट देता है और रिजल्ट वही लाता है। पहला हार्ड वर्क कर रहा था, दूसरा स्मार्ट वर्क। इसका मतलब यह नहीं कि हार्ड वर्क बेकार है। हार्ड वर्क की नींव के बिना स्मार्ट वर्क खड़ा नहीं होता। लेकिन अगर सिर्फ हार्ड वर्क पर अटके रहोगे तो थक जाओगे और पीछे रह जाओगे।

समय का सदुपयोग करने वाले लोगों में लक्ष्य स्पष्ट होता है। जिसे पता नहीं कि उसे कहाँ जाना है, वह कहीं भी पहुँच सकता है और कहीं भी पहुँचना मतलब कहीं न पहुँचना। इसलिए सबसे पहले यह तय करो कि तुम्हें पाँच साल में कहाँ होना है। जब लक्ष्य साफ होगा तो समय अपने आप व्यवस्थित होने लगेगा। इसके साथ प्राथमिकता तय करना जरूरी है। हर काम जरूरी नहीं होता। जरूरी काम पहले करो, फालतू काम बाद में। अगर फालतू काम पहले कर लिए तो जरूरी काम के लिए समय ही नहीं बचेगा। सबसे जरूरी चीज अनुशासन है। प्रेरणा एक दिन रहती है, अनुशासन रोज चलता है। सुबह जल्दी उठना, मोबाइल से दूरी बनाना, टाइम टेबल फॉलो करना यही अनुशासन है। जो लोग समय का सदुपयोग करते हैं वे कभी नहीं कहते कि टाइम नहीं मिला। वे कहते हैं कि मैंने समय निकाला। समय मिलता नहीं, निकालना पड़ता है।

समय का दुरूपयोग ज्यादातर बिना सोचे जीने से होता है। सुबह उठे, मोबाइल खोल लिया, कोई मैसेज आया जवाब दिया, कोई वीडियो आया देख लिया और पता ही नहीं चला कि दो घंटे निकल गए। शाम को दोस्तों के साथ बैठे, गपशप की, निंदा की और समय कट गया। रात को लगे कि आज कुछ नहीं हुआ। ऐसे ही दिन, महीने और साल निकल जाते हैं। दूसरी वजह टालमटोल है। कल कर लेंगे, अभी मूड नहीं है, बाद में देखेंगे। ये तीन वाक्य जिंदगी बर्बाद कर देते हैं। कल कभी नहीं आता। जो आज नहीं हुआ, वह कल भी नहीं होगा। तीसरी वजह तुलना है। लोग दूसरों को देखकर अपना समय बर्बाद करते हैं। फलां ने कार खरीद ली, फलां विदेश चला गया, फलां की सैलरी बढ़ गई। और हम अपना काम छोड़कर सोचते रहते हैं कि हम पीछे क्यों हैं। तुलना से सिर्फ जलन पैदा होती है, काम नहीं होता।

स्मार्ट वर्क का मतलब आलसी होना नहीं है। कई लोग सोचते हैं कि स्मार्ट वर्क का मतलब कम काम करना है। यह गलत है। स्मार्ट वर्क का मतलब है सही काम सही तरीके से करना। एक मजदूर दिनभर ईंट ढोता है। अगर उसे ट्रॉली मिल जाए तो वही काम आधे समय में हो जाएगा। इसका मतलब यह नहीं कि वह आलसी हो गया। इसका मतलब है कि उसने तकनीक का इस्तेमाल किया। एक व्यापारी सुबह से शाम तक दुकान पर बैठा रहता है। अगर वह ऑनलाइन डिलीवरी शुरू कर दे तो उसकी बिक्री दोगुनी हो जाएगी और वह घर बैठे मैनेज कर लेगा। यही स्मार्ट वर्क है। स्मार्ट वर्क का मतलब है समय, तकनीक और प्लानिंग का सही इस्तेमाल। लेकिन इसके लिए पहले हार्ड वर्क करना पड़ता है, क्योंकि बिना बुनियाद के इमारत नहीं खड़ी होती।

प्रकृति से बड़ी सीख मिलती है। सूरज उगता है, डूबता है। नदी बहती है, रुकती नहीं। पेड़ समय पर फल देता है। प्रकृति कहीं भी टालमटोल नहीं करती। इंसान ही एकमात्र जीव है जो समय को बर्बाद करता है। जानवर भूख लगे तो शिकार करता है, प्यास लगे तो पानी पीता है। वह कल के लिए चिंता नहीं करता, परसों के लिए रोता नहीं। इंसान के पास दिमाग है इसलिए वह सोचता है। लेकिन यही सोच अगर गलत दिशा में चली जाए तो समय बर्बाद हो जाता है। इसलिए प्रकृति से सीखो। समय पर जागो, समय पर सोओ, समय पर काम करो। जो समय पर करता है वही टिकता है।

सुबह का समय सबसे कीमती होता है। पाँच से आठ बजे तक दिमाग शांत रहता है और ध्यान भटकता नहीं। इस समय में सबसे जरूरी काम कर लो। मोबाइल जरूरी है लेकिन गुलाम मत बनो। सोशल मीडिया के लिए दिन में आधा घंटा तय कर लो, बाकी समय काम के लिए बचाओ। रात को सोने से पहले लिख लो कि कल क्या करना है। सुबह उठते ही उस लिस्ट पर काम शुरू कर दो। बिना प्लान के दिन बिखर जाता है। जहाँ समय बर्बाद हो रहा हो वहाँ ना कहना सीखो। हर मीटिंग जरूरी नहीं, हर पार्टी जरूरी नहीं, हर गपशप जरूरी नहीं। और हर दिन एक घंटा नई स्किल सीखने में लगाओ। आज जो स्किल सीखोगे वही कल तुम्हें स्मार्ट वर्क करने में मदद करेगी।

जिंदगी का हिसाब पैसों से नहीं होता, समय से होता है। पैसा चला जाए तो कमाया जा सकता है, लेकिन समय चला जाए तो वापस नहीं आता। कोई चौबीस घंटे में अपने परिवार के साथ हँसता है, बच्चों को पढ़ाता है, खुद की सेहत बनाता है। कोई चौबीस घंटे में शिकायत करता है, दूसरों की निंदा करता है, मोबाइल में डूबा रहता है। दोनों के पास समय बराबर था। फर्क सिर्फ इस्तेमाल का था।

इसलिए तय कर लो कि तुम्हें हार्ड वर्क करना है या स्मार्ट वर्क। हार्ड वर्क के बिना नींव नहीं बनेगी और स्मार्ट वर्क के बिना मंजिल नहीं मिलेगी। प्रकृति ने तुम्हें चौबीस घंटे दिए हैं। अब सदुपयोग करना है या दुरूपयोग, यह पूरी तरह तुम्हारे हाथ में है। समय अनमोल पूंजी है। जिसने समय को साध लिया, उसने जिंदगी को साध लिया।

## नशे के प्रति आकर्षण क्यों हो रहा है



**डॉ राज कुमारी**
**साइकोलॉजिस्ट**

नशे का प्रचलन इतना अधिक बढ़ चूका है दिन प्रतिदिन चपेट मे आ रहे युवा, युवतियाँ, बच्चे और लोग भी नशे के प्रति आकर्षित क्यों हो रहे हैं ? बहुत से तथ्य नशे को आकर्षित कर रहे है नशे के आकर्षण मे आकर अपने जीवन से खिलवाड़ करने मे भी उन्हें डर नहीं लग रहा है अगर आपका जीवन ही नहीं रहा फिर बचा ही क्या है नशे ने तो अब जीवन पर भी कब्जा कर लिया है

### भावनात्मक समस्याएँ

अवसाद, चिंता, तनाव, भय, लगाव, आत्मविश्वास, और आत्मसम्मान की कमी अन्य मानसिक संघर्ष भी अधिकतर युवक, युवतियाँ और बच्चों को नशे की तरफ ले जा रहे हैं

### आदत और निर्भरता

बार बार नशा करने से नशे की आदत बन जाती है आदत पड़ने के बाद नशे को छोड़ पाना भी असम्भव होता है नशे की आदत के कारण मस्तिष्क से भी नशा करने के संकेत मिलते हैं नशे के प्रति निरंतर आकर्षकण बढ़ता ही जाता है

### दोस्तों का प्रभाव

दोस्तों के साथ मिलकर नशा करने का प्रचलन भी दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है दोस्तों द्वारा कसमें तक दी जाती है अगर हमारे साथ नशा नहीं किया दोस्ती की कसम तेरी मेरी दोस्ती खत्म दोस्ती का दबाव भी नशे को प्रभावित कर रहा है

### सामाजिक प्रभाव

नशा आज के समय मे नशा करने वालों के लिए सामाजिक प्रतीक माना जा रहा है अक्सर सुना जाता है नशा नहीं किया तो क्या किया युवा नशे को समाजिक प्रतिष्ठा भी मानने लगे युवाओं से पूछा जाये जबाब मिलता है आसानी से आप शिक्षा संस्थान, होटल, क्लब, पिकनिक स्पॉट, क्रीड़ा स्थल और हिल स्टेशन आदि स्थानों पर जाओ नशा आसानी से मिलता है नशा करते भी हुये लोग भी सरे आम मिलते है प्रतिष्ठा नहीं तो और क्या है ?

### जिज्ञासा

आसपास के वातावरण मे जब नशा करने वालों की संख्या अधिक होती है विशेष कर युवावस्था मे नई चीजों को आजमाने की इच्छा होती है जन साधारण भी प्रभावित हुए बिना नहीं रह पाते है नशे का स्वाद भी लेना चाहिए जिज्ञासा वश वो भी नशे को चपेट मे आ ही जाते है नशे के आदी भी बन जाते है जिज्ञासा भी नशे की तरफ प्रेरित करती है

### मस्तिष्क में आनंद की अनुभूति

नशीले पदार्थ मस्तिष्क और शरीर रसायनों को प्रभावित करते हैं जिससे अस्थाई सुख उत्साह या राहत महसूस होती है।

दुनियादारी की बातों को भूल कर नशा करने वालों की अपनी ही प्रजा होती है नशा करने वाले खुद को बादशाह भी समझने लगते है

### मानसिक परेशानी

तनाव और चिंता से बचने की कोशिश कुछ लोग मानसिक दबाव, दु:ख, अकेलेपन या तनाव से राहत पाने के लिए नशे का सहारा लेते हैं नशा कुछ समय के लिए तनाव से राहत भी देता है बाद मे क्या प्रभाव होंगे ? उसकी कोई चिंता नहीं होती है

हालांकि नशा शुरू में सुखद और या राहत देने वाला लग भी सकता है लेकिन समय के साथ-साथ यह शारीरिक, मानसिक, सामाजिक, और आर्थिक समस्याएं भी पैदा कर सकता है क्यों लोग थोड़े से आनन्द और अल्पकाल राहत के लिए सम्पूर्ण जीवन को ही दाव पर लगा रहे है ?

## सोशल मीडिया प्लेटफार्म गले का हार न बनाएं



**सुखदेव सिंह**
**स्वतंत्र पत्रकार नूरपुर**

सोशल मीडिया कम्पनी मैटा का सर्वर डाऊन होने कारण मानों दुनियां भर की सांसे थम गई हों ।सोशल मीडिया प्लेटफार्म को गले का हार न बनाने की आदत आम जनमानस अभी से बनानी होगी ।सोशल मीडिया प्लेट फ़ार्म अस्तित्व में आने से पूर्व इंसान कितना खुश था ।फेसबुक,इंस्टाग्राम और यूट्यूब चलाने की आदत से ज्यादातर लोग सही खान,पान,नींद से महरूम हैँ। मैटा कम्पनी अब लोगों से पैसा कमाना चाहती मीडिया में यह बात सार्वजनिक हो चुकी है।

गुरूवार शाम को अचानक फेसबुक,इंस्टाग्राम तकनीकी खराबी लोग अपना कांटेंट लोड नहीं कर पाए,आईडी लागआन बजाए आउट हो रही और मैसेज का आदान,प्रदान भी प्रभावित रहा ।विश्व व्यापी इस समस्या से करोड़ों युजर अपने आपको को असहाय महसूस कर रहे थे ।सोशल मीडिया फार्म का लोग सही कम दुरूपयोग ज्यादा कर रहे ऐसा कहने में कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी ।स्मार्ट मोबाइल फोन की लत से युवा पीढ़ी का बचाव अब बहुत जरूरी बन चुका है ।सोशल मीडिया किस तरह युवाओं के गले का हार बन चुका चौकाने बाले मामले उजागर हो रहे हैँ ।अविभावक अपने बच्चों का भविष्य संवारने को लेकर क्या कोई हिदायत तक नहीं दे सकते हैँ।

बच्चों को अविभावकों की नसीहत पसंद नहीं,क्या अपने अध्यापकों की बात पर वह अमल करते होंगे बड़ा सवाल है ।अविभावक,अध्यापक युवा पीढ़ी को सुधार नहीं सकते और सरकारें इस दिशा में कोई सख्त कदम उठाना नहीं चाहती हैँ ।ऐसे में युवा पीढ़ी का भविष्य अंधकारमय बनता जा रहा है ।स्मार्ट मोबाइल फोन चलाने की लत से युवा पीढ़ी का मानसिक,बौद्धिक और शारीरिक संतुलन बिगड़ता जा रहा है ।भारत में सोशल मीडिया चलाना बच्चों के लिए बैन किए जाना समय की मांग है ।इंटरनेट पर पोर्नोग्राफ़ी देखने की बढ़ती लत और सोशल मीडिया में अश्लील कांटेंट बच्चों का मानसिक,शारीरिक और बौद्धिक संतुलन बिगाड़ रहे हैँ ।इंटरनेट प्रोवाईडर्स पर सख्त नियम लागू हों और सोशल मीडिया चलाने का कंट्रोल बच्चों के अविभावकों पास होना चाहिए ।सोशल मीडिया पर सेल्फी डालना,निरंतर रियल वायरल करना अब मानसिक रोग ही कहा जा सकता है ।इस बीमारी से हमारे समाज की कुछेक लड़कियां,महिलाएं ग्रस्त नजर आ रही जो आगामी भविष्य के लिए कोई सुखद संकेत नहीं है ।शर्म कभी औरतों का गहना था,आज सोशल मीडिया पर बेहूदापन कमाई का स्त्रोत बनता जा रहा जो समाज को अंधेरे की गर्त में धकेल रहा है ।देश के सर्वोच्च न्यायलय के न्यायधीश बीआर गवई ने माना की डिजिटल युग में लड़कियां सुरक्षित नहीं है।

सोशल मीडिया में पोस्ट किए जा रहे लड़कियों के डाटे को सुरक्षित रखने के लिए पुलिस,प्रशासनिक अधिकारी को निपुण बनाने की अधिक जरूरत है ।सोशल मीडिया में बढ़ती लड़कियों की असुरक्षा कारण वह कई तरह के शोषणों का सामना करने को मजबूर हैँ ।सोशल मीडिया में अपने फालोअर बढ़ाने के लिए कुछेक महिलाएं,लड़कियां बेशर्मी की सारी हदें लाँघ चुकी हैँ ।इंस्टाग्राम पर पारिवारिक रिश्तों को तार तार करके निरंतर दिखाया जा रहा जो आगामी भविष्य के लिए घातक है ।आस्ट्रेलिया भी इससे पहले नावालिग बच्चों को स्मार्ट मोबाइल फोन न थमाए जाने को लेकर ऐसा कानून बना चुका है ।सुख की सरकार ने शिक्षा मंदिरों में सेल्फी लेने,रियल बनाने को लेकर लगाया गया प्रतिबंध सराहनीय था ।स्कूल,कॉलेज स्टॉफ सहित बच्चों के अविभावकों को इसमें भरपूर सहयोग किए जाने की जरूरत रहेगी ।राज्य सरकार ने युवा पीढ़ी को पथभृष्ट न होने की बजाए लक्ष्य को प्राप्त करने को लेकर उक्त फैसला लिया है ।सोशल मीडिया अश्लीलता परोसने का सबसे बड़ा प्लेटफार्म बनता जा रहा है। सोशल मीडिया का आजकल अधिकतर लोग गलत इस्तेमाल कर रहे हैँ ।ऐसा भी नहीं कुछेक सामाजिक संस्थाएं,कम्पनियां इसका सदुपयोग भी कर रही हैँ ।व्हाट्सअप ग्रुप जरिये भी सूचनाओं का आदान प्रदान किया जाता है।

नकली फेसबुक आईडी बनाकर लोग एक दूसरे को मूर्ख बनाने की दिन रात कोशिश कर रहे हैँ ।सोशल मीडिया की बढ़ती लत से पारिवारिक रिश्तों में दरार आना भी स्वाभिक है ।हैकर दिन रात लोगों को अपनी ठगी का शिकार बनाने में मशगूल हैं ।युवा पीढ़ी अपनी मित्र मंडली बढ़ाने में व्यस्त है ।सोशल मीडिया की लत घर फूँककर तमाशा देखने बाली बात हो गई हैँ। दूर संचार कम्पनियां इंटरनेट डाटा पैकेज निरंतर बढ़ाकर लोगों की जेबों पर डाका डाल रही हैँ ।कुछेक कम्पनियाँ डाटा पैकेज 5 जी नाम का बेच रही,मगर सच बात यह ख़ासकर पहाड़ी क्षेत्रों में सिग्नल की काफी परेशानी का सामना जनता को करना पड़ता है ।नए माडल का स्मार्ट मोबाइल,आईफोन रखना लोगों की पहली पसंद बनता जा रहा है ।मोबाइल कम्पनियों में बढ़ती प्रतिस्पर्धा चलते लोगों की जेब हमेशा खाली हो रही है ।एक स्मार्ट मोबाइल फोन व्यक्ति दो बर्ष से अधिक नहीं चला पा रहा है ।कारण फोन की फंक्शनिंग पुरी तरह काम करना बंद कर देती है ।एक रिपोर्ट यह भी दावा करती की अक्सर पुराने फोन रियडेशन ज्यादा छोड़ते इस कारण भी जनता नए स्मार्ट मोबाइल फोन खरीदने को तबज्जो देती है। स्मार्ट मोबाइल फोन का गलत इस्तेमाल किए जाने जाना शरीर के लिए हानिकारण है ।लोग रात भर स्मार्ट मोबाइल फोन चार्जिग लगाकर रखते जिसे बैटरी ब्लास्ट होने का अंदेशा बना रहता है ।सोशल मीडिया में अक्सर बैटरी फटने से लोगों के हाथ,बाजु कटे देखने को मिलते हैं ।फोन चार्जिग लगाकर बात करने से उसमें रेडियेशन् बढ़ जाती जिससे फटने का खतरा बना रहता है ।स्मार्ट मोबाइल फोन तकिए के नीचे रखकर सोने बालों को ऐसा करने से परहेज करने की जरूरत है ।घरों में प्रत्येक सदस्य पास आजकल स्मार्ट मोबाइल फोन मौजूद रहता है ।कमरों की चार दीवारी में किस कदर फोन की रियडेशन हो सकती गौर करने बाली बात है ।स्मार्ट मोबाइल फोन गर्दन नीचे झुकाकर चलाने बालों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है ।ऐसे सोशल मीडिया प्रेमियों को हमेशा रक्त संचार शरीर में पुख्ता न होने कारण कमर,गर्दन दर्द रहना आम बात हो जाती है।

सोशल मीडिया की लत चलते लोगों के खान,पान,रहन सहन में जमीन आसमान का अंतर आया है ।एकांत में बैठकर फोन् चलाना लोगों की पहली आदत बन चुकी है ।भोजन को दर किनार करके भी दिन रात सोशल मीडिया पर व्यस्त रहते लोग ।आँखों से मानों नींद गायब होती जा रही है ।मुकम्मल नींद पुरी न होने कारण अधिकतर लोगों में थकान,तनाव और बेचैनी बढ़ने साथ हार्ट अटेक की घटनाओं में बृद्धि हुई है ।कोरोना वायरस काल दौरान छात्रों की पढ़ाई आनलाइन शुरु रखने के कई घातक परिणाम सामने आए हैँ ।स्कूली छात्रों में स्मार्ट मोबाइल फोन चलाने की लत बड़ी है।

युवा पीढ़ी में आत्म विश्वास की कमी,गुसेल जिद्दी रवेया आदि कई बुरी आदतों ने घर कर लिया है ।छात्रों की पढ़ाई में रुचि कम और स्मार्ट मोबाइल फोन हमेशा चलाने में बड़ी है ।राष्ट्र निर्माता,बच्चों के अविभावक तक सोशल मीडिया चलाने के शौकीन हैँ ।ऐसे में स्कूली छात्रों के भविष्य बारे चिंतन कौन करे? ।आस्ट्रेलिया ने 16 साल से कम उम्र के बच्चों हाथों में स्मार्ट मोबाइल फोन थमाने पर कड़ा प्रतिबंध लगाया है ।सरकार का मानना की अविभावकों को इस बात की अवश्य जानकारी होनी जरूरी की उनके बच्चे सोशल मीडिया पर कौन सा कांटेट देख रहे हैँ ।बच्चे किन दोस्तों के सम्पर्क में रह रहे इस बात की जानकारी जागरूक अविभावक को होनी चाहिए। सोशल मीडिया आजकल धोखाधडी,अश्लीलता का अड्डा बनता जा रहा है ।हैकर नकली आईडी बनाकर लोगों को दिन रात लूटने में लगे हुए हैँ ।डिजिटल अरेस्ट देश समक्ष एक गंभीर बनती जा रही जिसके चलते लोगों के बैंक खाते खाली हो रहे हैँ ।शर्म कभी लोगों का गहना होती थी ।सोशल मीडिया पर आजकल अश्लीलता परोसकर जमाई का जरिया बनती जा रही है ।इंस्टाग्राम पर रिल्स बनानाकर पैसे कमाने की लोगों को लत लग चुकी है ।महिलाएं,लड़कियां अक्सर बेहूदा रिल्स बनाकर अपने फालोअर बढ़ानें की फिराक में रहती हैं। कुल मिलाकर ऐसी रिल्स में पारिवारिक रिश्तों को तार तार करके दर्शाया जा रहा जो गलत है।

भारत में सोशल मीडिया प्रेमी सबसे अधिक माने जा सकते हैँ ।लोग जान जोखिम में डालकर रिल्स बनाने में दिलचस्पी ले रहे हैँ ।अनहोनी घटनाओं की बीडीओ सोशल मीडिया में वायरल करके अपने फालोअर बढ़ाने की होड़ लगी हुई है ।युवा पीढ़ी अपने लक्ष्य से भटककर पथभृष्ट हो चुकी है ।इंस्टाग्राम जरिये नाबालिंग बच्चे प्रेम प्रसंग में फंसकर अपनी जिंदगी से खिलबाड़ करने से बाज नहीं आ रहे हैँ ।टिकटाक की भांति आज इंस्टाग्राम पर भी प्रतिबंध लगानें की सख्त जरूरत है ।केंद्र सरकार को युवा पीढ़ी के भविष्य की चिंता करते हुए आस्ट्रेलिया की भांति सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाने की जरूरत है ।सोशल मीडिया पर बढ़ती अश्लीलता पर लगाम लगाने बारे राज्य सभा में भी बात उठ चुकी है।

## संकट में क्षेत्रीय दल



तृणमूल कांग्रेस के बाद शिवसेना-उद्धव गुट के नौ में से छह लोकसभा सदस्यों की ओर से शिवसेना-शिंदे में शामिल होने की तैयारी केवल यही नहीं बताती कि वे सत्तापक्ष के साथ जाने को आतुर हैं, बल्कि यह भी रेखांकित करती है कि भारतीय राजनीति में मौकापरस्ती बढ़ती जा रही है। शिवसेना में यह दूसरी टूट है।

इसके पहले भी उसके विधायक एवं सांसद टूट चुके हैं और पार्टी अपना चुनाव चिह्न भी गंवा चुकी है। उसके लिए इस एक और झटके से उबर पाना कठिन होगा। अब उसके सामने अपना अस्तित्व बचाने का संकट है। अपने इस संकट और बिखराव के लिए वही अधिक जिम्मेदार है। यदि उद्धव ठाकरे मुख्यमंत्री बनने के लालच में धुर विरोधी कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी से हाथ नहीं मिलाते तो शायद आज उनके दल की स्थिति कुछ और होती।

उद्धव ठाकरे ने सत्ता के लिए अपनी पुरानी साझीदार और वैचारिक रूप से करीबी भाजपा से केवल नाता ही नहीं तोड़ा, बल्कि इसी के साथ अपनी विचारधारा को भी ताख पर रख दिया। शिवसेना उन कुछ क्षेत्रीय दलों में से थी, जिसकी अपनी एक विचारधारा थी। वह मूलत: अपनी विचारधारा से भटकने के कारण ही बिखरी।

तृणमूल कांग्रेस की तो कोई विचारधारा ही नहीं थी। केवल सत्ता पाना और उसमें येन-केन-प्रकारेण बने रहना ही उसकी राजनीति का केंद्र बिंदु था। यह केंद्र बिंदु हटते यानी सत्ता जाते ही वह बिखर गई। क्षेत्रीय दलों की समस्या केवल यही नहीं कि उनमें से कुछ की ही विचारधारा है। एक समस्या यह भी है कि वे अलोकतांत्रिक तरीके और किसी निजी कंपनी की तरह चलते हैं। ऐसे दलों में पार्टी प्रमुख या परिवार विशेष ही सब कुछ होता है। उसके आगे किसी की नहीं चलती। लोकतंत्र में अधिनायकवादी तरीके से चलने वाले दलों के लिए कोई स्थान नहीं होना चाहिए, लेकिन अपने देश की राजनीति का दुर्भाग्य यह है कि अनेक दल इसी तरह चलते हैं। प्राय: यही उनके बिखराव का कारण बनता है। क्षेत्रीय दलों में बिखराव का संकट इसलिए और बढ़ गया है, क्योंकि उनके जनप्रतिनिधियों के लिए राजनीति का मतलब अवसरवाद हो गया है। वे कभी भी दल बदल लेते हैं। ज्यादातर मौकों पर पद या पैसे के लालच अथवा अन्य किसी राजनीतिक लाभ के लिए दलबदल किया जाता है।

किसी के दल बदलने में हर्ज नहीं, लेकिन ऐसा करने के पहले यह आवश्यक है कि वे विधायक या सांसद पद से त्यागपत्र दें। ऐसा न करना जनादेश का निरादर है। लगभग सभी राजनीतिक दल समय-समय पर दलबदल को बढ़ावा देते रहे हैं। दलबदल रोधी कानून के बावजूद विधायकों-सांसदों के टूट का सिलसिला कायम है। हालांकि इस कानून को कठोर बनाया जा चुका है, लेकिन वह भी प्रभावी सिद्ध नहीं हो रहा है, क्योंकि अब दलबदल को हेय दृष्टि से नहीं देखा जाता।



## संक्षिप्त न्यूज

### शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर 19 जून को बगैन, 20 को मंढोल के प्रवास पर



**शिमला ( बी.शर्मा ) :** हिमाचल प्रदेश के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर 19 और 20 जून, 2026 को जुब्बल-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर रहेंगे तथा इस दौरान विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शिक्षा मंत्री 19 जून को प्रात: 11:00 बजे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बगैन पहुंचेंगे और विद्यालय के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण करेंगे। इसके अतिरिक्त वह राजकीय प्राथमिक विद्यालय बगैन के नवनिर्मित कक्षों का भी उदघाटन करेंगे। इसी प्रकार, 20 जून को शिक्षा मंत्री दोपहर 1:00 बजे मंढोल पहुंचेंगे और युवा मंडल मंढोल द्वारा आयोजित मंढोल क्रिकेट प्रीमियर लीग-4 के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे।

### अल्फा पब्लिक स्कूल बरठीं में फिंगर अबेकस प्रतियोगिता आयोजित, विद्यार्थियों ने दिखाया गणना कौशल




**बरठीं, 17 जून ( जतिन्दर गौतम )**- अबेकस इंस्टीट्यूट घुमारवीं द्वारा अल्फा पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल बरठीं में फिंगर अबेकस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त सहायक अभियंता विद्युत विभाग हरवंश शर्मा मुख्य अतिथि तथा प्रधानाचार्य ठाकुर दास शर्मा, ग्राम पंचायत बलोह के उपप्रधान हंसराज वशिष्ठ एवं सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य लेखराम धीमान विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर संस्थान के संचालक शिव कुमार एवं प्रभारी अंकिता शर्मा ने अतिथियों का हिमाचली टोपी एवं शॉल भेंट कर सम्मान किया। प्रभारी अंकिता शर्मा ने अबेकस के महत्व एवं इसके लाभों की जानकारी दी। प्रतियोगिता के जूनियर लेवल-1 में वेदिका प्रथम, धान्य द्वितीय व अद्विक तृतीय, जूनियर लेवल-2 में अक्षत हर प्रथम, अद्विक द्वितीय व संकल्प तृतीय, बेसिक लेवल में उदय प्रथम व भूमिका द्वितीय, मीडियम लेवल में अनन्या शर्मा प्रथम, शानवी शर्मा द्वितीय व राघव तृतीय तथा एडवांस्ड लेवल में सृष्टि प्रथम, तृषा ठाकुर द्वितीय व मिथुन वशिष्ठ तृतीय स्थान पर रहे। मुख्य अतिथि ने विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया तथा विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि अबेकस बच्चों की एकाग्रता, स्मरण शक्ति एवं गणनात्मक क्षमता को विकसित करने का प्रभावी माध्यम है। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ, अभिभावक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### चडीयार पंचायत के पंकज सेना में अग्निवीर क्लर्क हुए चयनित



**पट्टा मेहलोग, 17 जून ( तारा )** - विकास खंड पट्टा की ग्राम पंचायत चढ़ियार के झांगड गांव के किसान परिवार से सम्बंध रखने वाले पंकज कुमार सपुत्र संजीव कुमार ने भारतीय सेना की कठिन परीक्षा उतीर्ण कर बतौर क्लर्क नियुक्ति पाई है।उनकी इस उपलब्धि से उनके गांव व परिजनों में खुशी का माहौल है।

पंकज ने बताया कि उन्होंने जमा दो की परीक्षा वर्ष 2022 में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोटबेजा से प्रथम श्रेणी में उतीर्ण की। उसके पश्चात बीकॉम की परीक्षा राजकीय महाविद्यालय सोलन से प्रथम श्रेणी में उतीर्ण करने के पश्चात सोलन में सेना की भर्ती प्रक्रिया के बारे जानकारी प्राप्त करने उपरांत अजीलिट कोचिंग सेंटर सोलन से कोचिंग लेकर तैयारी करके परीक्षा दी तथा पहले ही प्रयास में उतीर्ण हुआ। पंकज ने बताया कि वह आगामी 23 जून को आर्मी कार्यालय शिमला से नियुक्ति व पोस्टिंग का पत्र लेकर भोपाल मध्यप्रदेश में अपनी ड्यूटी जॉइन करेगा। पंकज की इस उपलब्धि को लेकर इनके परिवार व गांव के लोग अपने इष्टगुरु बाबा जवाहर सिंह महाराज हरिपुर के दरबार मे मनौती व झंडा लेकर नतमस्तक हुए। झांगड गांव में कार्यरत डॉ. भीमराव अंबेडकर युवा क्लब व मंधाला वार्ड से जिला परिषद सदस्य राज कुमार चौधरी द्वारा उन्हें इस उपलब्धि के लिए गांव में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सम्मानित किया गया। पंकज ने बताया कि उसे खुशी है वह भारतीय सेना के माध्यम से देश की सेवा करेगा।

# मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों में नि:शुल्क बिजली रॉयल्टी में वृद्धि का आग्रह किया

» प्रथम न्यूज । दिल्ली
17 जून ( बी.शर्मा )



मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने गत सायं नई दिल्ली में केंद्रीय ऊर्जा और आवास एवं शहरी मामलों मंत्री मनोहर लाल खट्टर से भेंट की। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों में प्रारंभिक 12 वर्षों की अवधि पूर्ण हो चुकी परियोजनाओं में सामान्य 12 प्रतिशत मुफ्त बिजली रॉयल्टी के अतिरिक्त नि:शुल्क बिजली रॉयल्टी की हिस्सेदारी बढ़ाने का अनुरोध किया। उन्होंने केन्द्र सरकार से 180 मेगावाट की बैरा-स्यूल जलविद्युत परियोजना के संचालन के 44 वर्ष पूर्ण होने के परिणामस्वरूप इस परियोजना में नि:शुल्क बिजली की हिस्सेदारी को बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने का आग्रह किया।

मुख्यमंत्री ने भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) परियोजनाओं में राज्य को देय ऊर्जा बकाया के भुगतान में हो रहे विलम्ब का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं के निर्माण के दौरान प्रदेश के लोगों ने कठिनाइयों का सामना किया और हजारों लोगों ने विस्थापन का दंश झेला। राज्य को प्रतिकूल पर्यावरणीय प्रभावों का सामना करना पड़ा और पौंग बांध से विस्थापित लोगों का पुनर्वास आज भी पूरी तरह नहीं हो सका है।

श्री सुक्खू ने आग्रह किया कि हरियाणा और पंजाब दोनों राज्य अपनी सहमति प्रदान कर 31 अक्तूबर, 2011 तक के 13,066 मिलियन यूनिट ऊर्जा बकाया तथा उसके बाद 6 प्रतिशत ब्याज सहित राज्य को प्रदान करें। यदि ऊर्जा बकाया का भुगतान धनराशि के रूप में किया जाता है, तो इस स्थिति में 6 प्रतिशत चक्रवृद्धि ब्याज की दर से अब तक की गणना के अनुसार इसकी अनुमानित धन राशि 7,784 करोड़ रुपये बनती है।

मुख्यमंत्री ने शानन जलविद्युत परियोजना की पृष्ठभूमि के बारे में भी अवगत करवाया और इस परियोजना पर राज्य के वैध अधिकार का पक्ष रखा।

मुख्यमंत्री ने कांगड़ा में प्रस्तावित 'एयरो सिटी' और 'हिम चंडीगढ़' के विकास के लिए भी केंद्रीय मंत्री से वित्तीय सहायता प्रदान करने का आग्रह किया। इन परियोजनाओं का उद्देश्य राज्य में सुनियोजित शहरीकरण, आर्थिक विकास, पर्यटन तथा निवेश को बढ़ावा देना है।

उन्होंने केंद्रीय मंत्री को अवगत करवाया कि राज्य सरकार द्वारा 24 शहरी स्थानीय निकायों में 'अर्बन चैलेंज फंड' के तहत 1,179 करोड़ रुपये की परियोजनाएं प्रस्तावित की जा रही है। इनमें से 660 करोड़ रुपये की परियोजनाएं प्रथम चरण में भारत सरकार को भेजी जा चुकी हैं।

मुख्यमंत्री ने 'क्लीन हिली एंड हिमालयन सिटीज़ इनिशिएटिव' के अंतर्गत स्वच्छता एवं कचरा प्रबंधन संबंधी कार्यों के समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए 12.33 करोड़ रुपये जारी करने का भी अनुरोध किया। उन्होंने अमृत योजना के तहत पूर्व में स्वीकृत परियोजनाओं के लिए शेष 64.45 करोड़ रुपये जारी करने का अनुरोध किया। इसके अतिरिक्त उन्होंने भारत सरकार को अनुमोदन के लिए भेजी गई अमृत मित्रा योजना के अंतर्गत 14 शहरी स्थानीय निकायों में 43 परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान करने का आग्रह भी किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शहरी स्थानीय निकायों में प्रत्येक संपत्ति को विशिष्ट पहचान प्रदान करने के उद्देश्य से क्यूआर-आधारित डिजिटल डोर प्लेट प्रणाली राज्य में प्रक्रियाधीन है। उन्होंने इस परियोजना के दूसरे चरण के सफल क्रियान्वयन के लिए आगामी पांच वर्षों में 18 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान करने का भी अनुरोध किया।

बैठक में मुख्य सचिव के.के. पंत, मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार राम सुभग सिंह तथा ऊर्जा निदेशक राकेश प्रजापति भी उपस्थित थे।

## चंबा-पठानकोट NH पर दर्दनाक हादसा, 300 मीटर गहरी खाई में गिरी कार; दो की मौत

» प्रथम न्यूज । चंबा
17 जून ( एएम नाथ )



चंबा-पठानकोट राष्ट्रीय राजमार्ग पर छतरी मोड़ के समीप मंगलवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि एक कार अचानक अनियंत्रित होकर करीब 300 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। हादसा इतना भीषण था कि वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसके परखच्चे उड़ गए।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, होमगार्ड तथा स्थानीय लोगों की टीमें मौके पर पहुंच गईं। दुर्घटनास्थल बेहद दुर्गम और गहरी खाई में होने के कारण राहत एवं बचाव कार्य काफी चुनौतीपूर्ण रहा। अंधेरा और कठिन भौगोलिक परिस्थितियां भी रेस्क्यू अभियान में बाधा बनीं, लेकिन बचाव दलों ने लगातार प्रयास जारी रखा।

पुलिस और होमगार्ड के जवानों ने स्थानीय लोगों के सहयोग से पूरी रात संयुक्त अभियान चलाया। बुधवार सुबह कड़ी मशक्कत के बाद दोनों मृतकों के शव खाई से बाहर निकाले गए। हादसे में कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, जिससे दुर्घटना की भयावहता का अंदाजा लगाया जा सकता है।

पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतकों की पहचान और हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। प्रारंभिक तौर पर वाहन के अनियंत्रित होने को दुर्घटना का कारण माना जा रहा है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है।

इस हादसे के बाद क्षेत्र में शोक की लहर है।

प्रशासन ने वाहन चालकों से पहाड़ी मार्गों पर सावधानीपूर्वक वाहन चलाने और यातायात नियमों का पालन करने की अपील की है।

# कसौली विधानसभा क्षेत्र में लगभग 225 करोड़ रुपए की सिंचाई व पेयजल योजनाएं का कार्य प्रगति पर - मुकेश अग्निहोत्री

» प्रथम न्यूज । सोलन
17 जून ( बी.शर्मा )

उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि कसौली विधानसभा क्षेत्र में लगभग 225 करोड़ रुपए की सिंचाई व पेयजल योजनाओं का कार्य अंतिम चरण में प्रगति पर है। मुकेश अग्निहोत्री आज कसौली विधानसभा क्षेत्र के कुमारहट्टी में एक 'आभार सभा' समारोह में उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित कर रहे थे।

इस अवसर पर शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर भी उपस्थित थे। मुकेश अग्निहोत्री ने इस अवसर पर ग्राम पंचायत के नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि पंचायत प्रतिनिधियों का गांव के समग्र विकास में अहम योगदान होता हैं। उन्होंने आशा जताई कि नवनिर्वाचित प्रतिनिधि प्रदेश सरकार द्वारा कार्यान्वित की जा रही योजनाओं को धरातल तक पहुंचाने में सहयोग देंगे।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि कसौली विधानसभा क्षेत्र के लिए 135 करोड़ रुपए से गिरी पेयजल आपूर्ति योजना का कार्य लगभग 90 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है तथा शेष कार्य लोगों के सहयोग से शीघ्र पूर्ण कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस पेजयल योजना के बनने से 17 ग्राम पंचायतों के लगभग 180 गांव के 55 हजार लोगों को लाभ मिलेगा।

मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि पट्टा बरावरी सिंचाई योजना का कार्य भी प्रगति पर है। यह योजना लगभग 4.50 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित की जा रही है। इस योजना के पूर्ण होने से 10 गांव की लगभग 116 हेक्टेयर भूमि की सिंचाई होगी, जिससे किसान लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि लगभग



1.15 करोड़ रुपए की लागत से हरिपुर सिंचाई योजना का कार्य भी प्रगति पर है। इस योजना के निर्माण से 54 हेक्टेयर भूमि की सिंचाई होगी जिससे 08 गांव के निवासियों को लाभ मिलेगा।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि कसौली विधानसभा क्षेत्र में एशियन विकास बैंक के सहयोग से 38 करोड़ रुपए की पेयजल आपूर्ति योजना का कार्य भी प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि इस योजना से लगभग 10 ग्राम पंचायत के निवासियों को स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति होगी।

उन्होंने कहा कि 47 करोड़ रुपए की लागत से परवाणू सीवरेज योजना का कार्य भी प्रगति पर है। इस योजना के प्रथम ज़ोन का कार्य पूर्ण हो चुका है और दूसरे ज़ोन का कार्य शीघ्र पूर्ण हो जाएगा। इस कार्य के पूर्ण होने से लोगों को और बेहतर सीवरेज सुविधा मिलेगी।

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने इस अवसर पर नवनिर्वाचित प्रतिनिधि को बधाई दी। उन्होंने आशा जताई कि ग्राम पंचायत चेवा के प्रधान अपनी ग्राम पंचायत को आदर्श पंचायत के रूप में विकसित करेंगे।

कसौली के विधायक विनोद सुल्तानपुरी ने कहा कि ग्राम पंचायत प्रतिनिधि समाज में एक महत्वपूर्ण कड़ी होते हैं। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत के विकास के लिए प्रदेश सरकार का भरपूर सहयोग रहेगा।

ग्राम पंचायत चेवा के प्रधान रमेश चौहान ने इस अवसर पर सभी गणमान्यों का स्वागत किया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस समिति के अध्यक्ष विनय कुमार, प्रदेश कांग्रेस समिति के महासचिव विनोद जिंटा, हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी विपणन एवं उपभोक्ता संघ लिमिटेड के अध्यक्ष महेश्वर सिंह चौहान, हिमाचल प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास निगम के उपाध्यक्ष अनुराग शर्मा, जोगिंद्रा केन्द्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष मुकेश शर्मा,

प्रदेश जल प्रबंधन बोर्ड के सदस्य सुरेंद्र सेठी, प्रदेश खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम निदेशक मण्डल के सदस्य जतिन साहनी, हिमाचल प्रदेश व्यापार कल्याण बोर्ड के सदस्य शोभित बहल, कांग्रेस पार्टी के अरविंद गुप्ता व राजेन्द्र ठाकुर, उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा, जल शक्ति विभाग सोलन के अधीक्षण अभियंता संजीव सोनी, उप पुलिस अधीक्षक परवाणू अनिल कुमार सहित विभिन्न के वरिष्ठ अधिकारी, अन्य गणमान्य व्यक्ति व ग्रामीण उपस्थित थे।

## जनता के जनादेश से भागती रही कांग्रेस, सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर करवाने पड़े चुनाव : डॉ. राजीव बिंदल

» प्रथम न्यूज । नाहन
17 जून ( बी.शर्मा )

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव अक्टूबर-नवंबर 2025 में संपन्न हो जाने चाहिए थे, लेकिन कांग्रेस सरकार ने संविधान और जनभावनाओं दोनों को ताक पर रखकर चुनावों को जानबूझकर टालने का काम किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को पहले से ही अंदेशा था कि जनता उनकी सरकार को नकारने वाली है, इसलिए कांग्रेस चुनावों से भागती रही। डॉ. बिंदल ने कहा कि माननीय उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय के हस्तक्षेप के बाद चुनावी प्रक्रिया शुरू हुई और जैसे ही चुनाव हुए, कांग्रेस की वास्तविक स्थिति प्रदेश के सामने आ गई।

उन्होंने कहा कि चुनाव परिणामों ने स्पष्ट कर दिया कि कांग्रेस सरकार जनता का विश्वास पूरी तरह खो चुकी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं ने पहले दावा किया था कि उन्होंने 80 प्रतिशत सीटें जीत ली हैं, लेकिन आज वास्तविकता सामने आ चुकी है। जिला परिषद चुनावों में प्रदेश के 12 में से 11 जिलों में भाजपा स्पष्ट बहुमत और मजबूत स्थिति में है, फिर भी कांग्रेस सरकार अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनावों को टालने का प्रयास कर रही है। नगर परिषदों के चुनावों में भी जानबूझकर देरी की गई, जिससे सरकार की लोकतंत्र विरोधी मानसिकता उजागर हुई है। डॉ. बिंदल ने कहा कि प्रदेश की जनता ने कांग्रेस सरकार के खिलाफ स्पष्ट जनमत दिया है। जनता ने भ्रष्टाचार, तानाशाही, टैक्सों की मार, कानून व्यवस्था की विफलता और विकास कार्यों में ठहराव के खिलाफ मतदान किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार ने 2000 से अधिक संस्थानों पर ताले लगाए, जनता पर नए-नए करों का बोझ डाला और प्रदेश को विकास की बजाय अव्यवस्था की ओर धकेल दिया।



उन्होंने विशेष रूप से सिरमौर जिले का उल्लेख करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के करीबी नेताओं और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के गृह जिले में भी जनता ने कांग्रेस को करारा जवाब दिया है। जिला परिषद की 17 सीटों में से 14 सीटों पर भाजपा समर्थित उम्मीदवारों की जीत इस बात का प्रमाण है कि जनता कांग्रेस के कुशासन से तंग आ चुकी है। बिंदल ने कहा कि सिरमौर जिला स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली का सबसे बड़ा उदाहरण बन गया है। अस्पतालों में डॉक्टरों, पैरामेडिकल स्टाफ और दवाइयों की भारी कमी है। ऑपरेशन थिएटर बंद पड़े हैं, वेंटिलेटर स्टोरों में धूल खा रहे हैं और मरीजों को हिमकेयर जैसी सुविधाओं से भी वंचित होना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि लोगों को इलाज के लिए उत्तराखंड, हरियाणा और चंडीगढ़ का रुख करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में यदि कोई विकास कार्य चल रहे हैं तो वे केवल केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्वीकृत परियोजनाओं के कारण चल रहे हैं। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, सीआरएफ और अन्य केंद्रीय योजनाओं के माध्यम से विकास कार्य हो रहे हैं, जबकि प्रदेश सरकार की ओर से विकास के लिए कोई ठोस योगदान दिखाई नहीं देता। डॉ. बिंदल ने कहा कि कांग्रेस सरकार के भीतर ही भारी अस्थिरता और अंतर्विरोध हैं। मंत्री, विधायक और अधिकारी एक-दूसरे के खिलाफ सार्वजनिक रूप से बयान दे रहे हैं। सरकार के भीतर समन्वय पूरी तरह समाप्त हो चुका है और इसका खामियाजा प्रदेश की जनता भुगत रही है।

उन्होंने कहा कि चार वर्षों के कार्यकाल में सरकार जनकल्याण के मोर्चे पर पूरी तरह विफल साबित हुई है। यह जनादेश स्पष्ट संकेत है कि आने वाले विधानसभा चुनावों में हिमाचल प्रदेश में भाजपा प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनाएगी और कांग्रेस का प्रदेश की राजनीति से लगभग सफाया हो जाएगा।

## जालपा माता मंदिर स्यारठ में 19 को सजेगा भव्य मेला

» प्रथम न्यूज । पट्टा मेहलोग
17 जून ( तारा )

विकास खंड पट्टा की ग्राम पंचायत निचली गांगुड़ी के स्यारठ में स्थित माँ जालपा मंदिर परिसर में 19 जून को भव्य मेले (स्यारठ की नई) का आयोजन किया जाएगा।

मेला कमेटी के प्रधान दीपक ठाकुर, सचिव प्रकाश चंद ठाकुर व मंदिर के पुजारी किरपा राम व सेवादार पूर्ण चंद ने बताया कि स्थानीय लोगों के इलावा अन्य पंचायतों के लोगों की भी मां जालपा के प्रति गहरी आस्था है व लोग नित्य यहां पूजा अर्चना के लिए आते हैं।

इस मंदिर परिसर में वर्षों से इस धार्मिक मेले का आयोजन स्थानीय लोगों व आस पास की पंचायतों के सहयोग से होता आ रहा है।

मान्यता है कि वर्षों से स्थानीय महिलाएं इस देवी की मन से आराधना करती है व मंदिर के प्रति उनकी अटूट आस्था है। इसी आस्था के



चलते इस मंदिर परिसर में रात्रि 9,12 व सुबह 4 बजे स्थानीय महिलाओं को माता जालपा की छाया उनके अंदर प्रवेश करती है व महिलाएं ढोल नगाड़ों की थाप पर खेलती हैं और क्षेत्र की समृद्धि व सुख शांति की कामना करती हैं।

स्थानीय लोग अपनी नई फसल की उपज भी मंदिर में अर्पित करते हैं।यह परंपरा सदियों से चली आ रही है।इसके इलावा यहां कुश्ती व सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। यह मेला रात भर शुद्धालुओं की आस्था का केंद्र बना रहता है।कमेटी के सदस्यों ने सभी श्रद्धालुओं से मां जालपा का आशीर्वाद ग्रहण करने की अपील की है।

# देश के टॉप 25 अधिकारियों में सोलन के उपायुक्त मनमोहन शर्मा

» प्रथम न्यूज । सोलन
17 जून ( बी.शर्मा )

देश की एक प्रतिष्ठित पत्रिका 'फेम इंडिया' के देश व्यापी सर्वेक्षण में हिमाचल प्रदेश के सोलन ज़िला के उपायुक्त मनमोहन शर्मा का टॉप 25 ज़िला अधिकारियों में स्थान पाना जहां पूरे प्रदेश के लिए गौरव का विषय है वहीं सोलन ज़िला के लिए स्वर्णिम उपलब्धि है।

### 10 अलग-अलग मानकों पर उत्कृष्ट

शांत और सरल स्वभाव के धनी मनमोहन शर्मा जहां हर समय आम जन की समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर रहते हैं वहीं सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के कार्यान्वयन के लिए ज़िला के अधिकारियों और कर्मचारियों की टीम को वह नेतृत्व प्रदान करते हैं जो योजनाओं के माध्यम से विकास के लाभ कतार में अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक समय पर पंहुचाने का ज़रिया बनता है। वर्ष 2013 बैच के हिमाचल प्रदेश काडर के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी मनमोहन शर्मा हिमाचल प्रदेश में प्रशासनिक सेवा के उन प्रतिष्ठित अधिकारियों में गिने जाते हैं जिन्होंने अपनी शांत कार्यशैली, जनसरोकार और परिणामोन्मुख दृष्टिकोण से प्रशासनिक जगत में विशेष पहचान बनाई है।

फेम इंडिया-एशिया पोस्ट के 'सर्वश्रेष्ठ ज़िलाधिकारी 2026' के वार्षिक सर्वे में प्रशासनिक अधिकारी मनमोहन शर्मा को 'कर्तव्यनिष्ठ' श्रेणी में प्रमुख पाया गया है।

अपने प्रशासनिक जीवन में उन्होंने अनेक महत्वपूर्ण दायित्व निभाए हैं। नालागढ़ में उपमण्डलाधिकारी, सिरमौर ज़िला में अतिरिक्त उपायुक्त के रूप में ज़िला स्तर पर ठोस निर्णयों को धार दी तो वहीं प्रदेश स्तर पर प्रारंभिक शिक्षा निदेशक, शहरी विकास निदेशक, शिमला स्मार्ट सिटी लिमिटिड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी तथा हिमाचल प्रदेश पावर कार्पोरेशन लिमिटिड में कार्मिक एवं वित्त निदेशक जैसे महत्वपूर्ण पदों पर प्रदेश हित को साधने में योगदान दिया। इन सभी दायित्वों में उनकी कार्यशैली के मूल केंद्र में जनसरोकार, पारदर्शिता और परिणाम आधारित प्रशासन ही रहा है। सोलन के उपायुक्त के रूप में उनका कार्यकाल बहुआयामी विकास और सुशासन का अनुपम उदाहरण बनकर सामने आया है। कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ उन्होंने जन शिकायतों के त्वरित समाधान, राजस्व प्रशासन को मज़बूत करने और प्रशासनिक प्रक्रियाओं को अधिक पारदर्शी बनाने पर विशेष ध्यान दिया। नियमित जनसुनवाई, राजस्व लोक अदालतों और फील्ड निरीक्षणों के माध्यम से उन्होंने आम



लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल करने का प्रयास किया। उन्होंने सोलन ज़िला में अतिक्रमण हटाने और सरकारी भूमि की सुरक्षा को लेकर भी प्रभावी कदम उठाए। अवैध कब्जे हटाने, राजस्व अभिलेखों को व्यवस्थित करने और प्रशासनिक निगरानी को मज़बूत करने से भूमि प्रबंधन व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला। कालका-शिमला राष्ट्रीय राजमार्ग-5 के फोरलेन निर्माण कार्य परियोजना से जुड़े मुआवज़ा क्षति और पुनर्वास मामलों की नियमित समीक्षा कर उन्होंने प्रभावित लोगों की समस्याओं के समाधान में सक्रिय भूमिका निभाई। पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में भी उनका कार्य उल्लेखनीय रहा है। मनमोहन शर्मा ने शिक्षा के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। 'अपना विद्यालय: हिमाचल स्कूल अडाप्शन कार्यक्रम' के अंतर्गत उन्होंने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोठों को गोद लेकर वहां शैक्षणिक और आधारभूत सुविधाओं के विकास पर कार्य किया।

आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में मनमोहन शर्मा का कार्य विशेष रूप से सराहनीय रहा है। वर्ष 2023 में हिमाचल प्रदेश में आई विनाशकारी बाढ़ और भूस्खलन के बाद उन्होंने पुनर्वास और आपदा प्रतिरोधी विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की। 'मॉडल रेजिलिएंट विपेज' परियोजना के अंतर्गत नालागढ़ क्षेत्र के सुनानी गांव में पुनर्निर्माण, आधारभूत अधोसंरचना की बहाली और आजीविका सुदृढ़ीकरण का कार्य शुरू किया गया।

उन्होंने मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना और प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना जैसी योजनाओं को बेहतर समन्वय और निगरानी के माध्यम से गति प्रदान की। महिला एवं बाल विकास योजनाओं के क्रियान्वयन पर भी उन्होंने विशेष ध्यान दिया। मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, मिशन वात्सल्य, पोषण अभियान और महिला सशक्तिकरण कार्यक्रमों के माध्यम से समाज के कमज़ोर वर्गों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने का प्रयास किया गया।

प्रदेश के मुख्यमंत्री की 'नशा मुक्त हिमाचल' की परिकल्पना के तहत उपायुक्त मनमोहन शर्मा ने एंटी चिट्टा अभियान को सोलन में विशेष गति प्रदान की है। उपायुक्त के कुशल मार्गदर्शन में आज सोलन ज़िला पूर्ण समर्पण एवं ताकत के साथ नशे के सौदागरों पर प्रहार कर रहा है। यह सर्वेक्षण मुख्य रूप से 10 अहम मानदंडों पर आधारित रहा है। उत्कृष्ट प्रशासनिक क्षमता, प्रभावी गवर्नेंस, दूरदर्शिता और नवाचार, जवाबदेह कार्यशैली, त्वरित निर्णय लेने की क्षमता, संकट प्रबंधन कौशल, संवेदनशीलता और गंभीरता, व्यवहार कुशलता, जनसंपर्क और संवाद क्षमता, और विकासोन्मुख सोच। ये मानदंड बताते हैं कि एक अधिकारी असल में ज़मीन पर कैसे काम करता है, वह मुश्किल वक्त में कैसे निर्णय लेता है, और आम लोगों से उसका रिश्ता कैसा है। इन्हीं मानदण्डों पर खरे उतर कर मनमोहन शर्मा ने यह सिद्ध किया है कि यदि दृष्टिकोण जनकेंद्रित हो और इच्छाशक्ति मज़बूत हो, तो प्रशासन समाज में वास्तविक और सकारात्मक परिवर्तन ला सकता है।

# धर्मशाला के बाद लखनऊ में बेबस हुए अफगानी शेर

## गिल की कप्तानी में भारत ने जीती पहली वनडे सीरीज



कप्तान शुभमन गिल और ईशान किशन के शतकीय वार के बाद भारतीय गेंदबाजों ने लखनऊ की भीषण गर्मी में खतरनाक गेंदबाजी से तापमान और भी बढ़ा दिया। अफगानिस्तान की अच्छी शुरुआत पर टीम इंडिया के गेंदबाजों ने पानी फेर दिया। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 402 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया था और अफगानी टीम इसके दबाव में बिखर गई।

भारत ने पहले वनडे मैच में 7 विकेट से जीत हासिल की थी और अब दूसरा मुकाबला जीतकर सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है। 403 रनों के स्कोर का पीछा करते हुए अफगानिस्तान की टीम 232 रनों पर सिमट गई। इसी के साथ भारत ने मुकाबले को 170 रनों से अपने नाम कर लिया है।

### शुभमन गिल और ईशान किशन ने लगाया शतक

भारतीय टीम ने तीन मैचों की सीरीज के दूसरे अहम मुकाबले में कप्तान शुभमन गिल (154) और ईशान किशन (125) के शतकीय प्रहार की बदौलत अफगानिस्तान के खिलाफ अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में पहली बार 400 रनों का आंकड़ा पार किया है। हालांकि, मेजबान टीम पूरे 50 ओवर नहीं खेल पाई और 49.5 ओवर में 405 रन पर आउट हो गई।

लखनऊ में बुधवार को भीषण गर्मी और उमस के बीच गिल व किशन की धमाकेदार बल्लेबाजी ने खेलप्रेमियों का तापमान और बढ़ा दिया। तीसरे विकेट के लिए दोनों ने सिर्फ 141 गेंदों पर 224 रनों की रिकॉर्ड साझेदारी कर भारत को विशाल स्कोर तक पहुंचाया। वहीं, यशस्वी जायसवाल (04) के जल्दी आउट होने के बाद हिटमैन रोहित शर्मा ने अपने कप्तान के साथ न सिर्फ पारी को संभाला, बल्कि दूसरे विकेट के लिए मजबूत साझेदारी कर टीम इंडिया के लिए बड़े स्कोर की नींव भी रखी।

### अफगानिस्तान के खिलाफ सबसे तेज शतक

ईशान किशन की भी ताबड़तोड़ बल्लेबाजी जारी रही। विकेटकीपर बल्लेबाज ने 52 गेंदों पर अर्धशतक पूरा किया, लेकिन दूसरे 50 रन के लिए सिर्फ 19 गेंदें खेली। किशन ने अपनी पारी में 14 चौके व सात छक्के लगाए। इसके साथ ही उन्होंने केवल 71 गेंदों में शतक पूरा कर अफगानिस्तान के खिलाफ सबसे तेज शतकों में अपना नाम दर्ज कराया। इसके साथ ही किशन ने वनडे में अपना 1000 रन भी पूरा कर लिया। एक समय ऐसा लग रहा था कि टीम इंडिया वनडे में विशाल स्कोर का रिकॉर्ड अपने नाम कर लेगी, पर आखिरी ओवरों में अफगानिस्तान ने जल्दी विकेट निकालकर भारत की रफ्तार पर थोड़ा अंकुश लगाया। हालांकि तब तक मेजबान टीम रिकॉर्ड स्कोर की ओर बढ़ चुकी थी। एक समय टीम इंडिया का स्कोर तीन विकेट पर 359 रन था, लेकिन 45 रन और बनाने में सात विकेट गंवा दिए। केएल राहुल (00), श्रेयस अय्यर (26) और वॉशिंगटन सुंदर (19) ने निराश किया।

### अफगानिस्तान की सधी हुई शुरुआत

भारत के 403 रनों के लक्ष्य की पीछा करने उतरी अफगानिस्तान की टीम ने सधी हुई शुरुआत की। सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज और इब्राहिम जादरान ने पहले विकेट के लिए 52 रन जोड़े। हालांकि, इसके बाद भारतीय गेंदबाजों ने वापसी की और अफगानिस्तान के बल्लेबाजों पर नकेल कसनी शुरु कर दी। भारत को पहली सफलता गुरनूर बरार ने दिलाई, जिन्होंने गुरबाज को अपना शिकार बनाया।

### अर्धशतक से चूके रोहित

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम को कप्तान शुभमन गिल ने शानदार शुरुआत दिलाई। उन्होंने शुरुआत से ही आक्रामक अंदाज अपनाते हुए अफगान गेंदबाजों पर दबाव बनाए रखा।

हालांकि, दूसरे ओवर की आखिरी गेंद पर भारत को यशस्वी जायसवाल के रूप में पहला झटका लगा। इसके बाद गिल ने रोहित शर्मा के साथ दूसरे विकेट के लिए महत्वपूर्ण 85 रन जोड़े। रोहित राशिद खान की गेंद को बैकफुट पर जाकर प्वाइंट के ऊपर से चौका जड़ना चाहते थे, लेकिन चूक गए और गेंद ने गिल्लियां बिखेर दी।

वह अर्धशतक से जरूर दो रन दूर रह गए, पर अपनी छोटी पारी में कई बेहतरीन शॉट जड़कर अच्छे फॉर्म के संकेत दिए। चौथे नंबर पर कप्तान का साथ देने विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन आए।

उन्होंने भी तेज गति से रन बटोरते हुए भारतीय पारी को मजबूती दी।

# भारतीय टीम ने जीत के साथ पलटा महिला टी20 वर्ल्ड कप का इतिहास, नीदरलैंड्स को मिली शर्मनाक हार

स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा की तूफानी बल्लेबाजी के बाद श्री चरणी की फिरकी के जाल में नीदरलैंड्स फंस गया। भारतीय महिला टीम ने टी20 वर्ल्ड कप 2026 के मुकाबले में डच टीम को 95 रनों की बड़ी हार थमा दी। मंधाना और शेफाली ने बल्लेबाजी में अर्धशतक लगाया था और टीम इंडिया को 209 रनों के स्कोर पर पहुंचाया था।

नीदरलैंड्स की टीम 114 रनों पर सिमट गई और हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली टीम ने 95 रनों से जीत हासिल की। श्री चरणी के फिरकी का जवाब डच बल्लेबाजों के पास नहीं था और भारत ने जीत हासिल की। टीम इंडिया की ये महिला टी20 वर्ल्ड कप के इतिहास में सबसे बड़ी जीत है।

**स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा की शानदार बल्लेबाजी**

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम के लिए सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा ने शानदार अंदाज में आगाज किया। दोनों ने शुरुआत से ही नीदरलैंड्स के गेंदबाजों पर दबदबा बनाया और आक्रामक बैटिंग की। दोनों बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिए शतकीय साझेदारी की। स्मृति और शेफाली दोनों ने ही अर्धशतक लगाया और टीम इंडिया को 200 से अधिक का स्कोर बनाने में मदद की।

स्मृति ने 47 गेंदों पर 74 रनों की पारी खेली, जिसमें 11 चौके और एक छक्का शामिल रहा। शेफाली ने 38 बॉल पर 55 रन बनाए। इस दौरान उनके बल्ले से 10 चौके निकले। हालांकि, इन दोनों के आउट होने के बाद अन्य बल्लेबाज बड़ा स्कोर नहीं बना सके लेकिन शानदार शुरुआत की वजह से भारत ने 209 रनों का स्कोर बना लिया।

**नीदरलैंड्स के बल्लेबाजों का फ्लॉप शो**

210 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी डच टीम ने अच्छी शुरुआत की। उन्होंने अपना पहला विकेट 34 रनों के स्कोर पर गंवाया। हालांकि, भारतीय गेंदबाजों को जैसे ही पहली सफलता मिली, उसके बाद गेंदबाजों ने लगातार विकेट हासिल किए। नीदरलैंड्स के बल्लेबाजों का निराशाजनक प्रदर्शन देखने को मिला। पूरी टीम 114 रनों पर सिमट गई।

**श्री चरणी ने गेंद के साथ किया कमाल**

भारत के लिए लेफ्ट आर्म स्पिनर श्री चरणी ने कमाल की गेंदबाजी की। उनके सामने नीदरलैंड्स के बल्लेबाज नहीं टिक सके। चरणी ने 4 ओवर में 19 रन खर्च करते हुए 4 विकेट अपने नाम किए। उनकी फिरकी की जादू के आगे डच बल्लेबाज संघर्ष करते हुए दिखे और उन्होंने टीम इंडिया को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

**भारत की सबसे बड़ी जीत**

चरणी के अलावा शेफाली वर्मा ने भी बल्ले के बाद गेंद के साथ कमाल कर दिखाया। उन्होंने 3.2 ओवर में 20 रन खर्च करते हुए 3 विकेट अपने नाम किए। नीदरलैंड्स की टीम 17.3 ओवरों में 114 रनों पर सिमट गई। भारत ने मुकाबले को 95 रनों से अपने नाम कर लिया। भारत की ये महिला टी20 वर्ल्ड कप में सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले टीम इंडिया ने श्रीलंका को 82 रनों से हराया था, जो अब तक की सबसे बड़ी जीत थी।





# अपनी लकीर खींचने के बजाय हमारी मिटाने में लगे हुए हैं मुख्यमंत्री सुक्खू : जयराम ठाकुर

## मंडी में पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष बोले, जिंदा को मृत बताकर सहारा योजना की पेंशन बंद करना सुक्खू सरकार की सबसे बड़ी नीचतम हरकत

» प्रथम न्यूज । मंडी
17 जून (एएम नाथ)

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश की सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए सहारा योजना के तहत एक जीवित लाभार्थी को सरकारी रिकॉर्ड में मृत दिखाकर उसकी पेंशन बंद करने के मामले को सरकार की संवेदनहीनता की पराकाष्ठा करार दिया है। मंडी में मीडिया कर्मियों से बातचीत करते हुए उन्होंने खुलासा किया कि सराज विधानसभा क्षेत्र के छड़यांद निवासी सुरेश कुमार आज भी जीवित हैं, लेकिन सरकारी तंत्र ने कागजों में उन्हें मृत घोषित कर उनकी सहारा योजना की वित्तीय सहायता राशि रोक दी है, जो इस सरकार की सबसे बड़ी और नीचतम हरकत को दर्शाता है। जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार आर्थिक तंगी का झूठा हवाला देकर जनहित और जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को उनके अधिकारों से वंचित करने के लिए सभी सीमाएं पार कर चुकी है।

उन्होंने जोर देकर कहा कि कैंसर और पैरालिसिस जैसी गंभीर बीमारियों से जूझ रहे अत्यंत जरूरतमंद लोगों के लिए सहारा योजना एक बहुत बड़ी जीवनदायिनी राहत थी, लेकिन ऐसे संवेदनशील मामलों में इस तरह की लापरवाही सरकार की पूरी कार्यशैली और उसकी नीयत पर गंभीर सवाल खड़े करती है। नेता प्रतिपक्ष ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू पर सीधा निशाना साधते हुए कहा कि वर्तमान मुख्यमंत्री पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के समय शुरू की गई बेहद लोकप्रिय और जनहितैषी योजनाओं की सफलता से पूरी तरह ईर्ष्या करते हैं। यही मुख्य कारण है कि वे सहारा योजना और हिमकेयर जैसी अत्यंत लाभकारी स्वास्थ्य योजनाओं को या तो बजट की कटौती करके पूरी तरह बंद करना चाहते हैं या फिर उनके खिलाफ दुष्प्रचार करके उन्हें लगातार



बदनाम करने की साजिश रच रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री पर सरकारी धन के दुरुपयोग का गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि विपक्ष और मेरे खिलाफ व्यक्तिगत दुष्प्रचार करने के लिए मुख्यमंत्री ने एक विशेष सोशल मीडिया सेल बना रखा है, जिसे सरकारी खजाने से करोड़ों रुपये की भारी-भरकम राशि दी जा रही है।

उन्होंने मुख्यमंत्री को नसीहत देते हुए कहा कि जनता के दिलों में जगह बनाने के लिए सरकारी पैसों से दुष्प्रचार की नहीं, बल्कि साफ नीयत और सेवा भावना की जरूरत होती है।

मुख्यमंत्री की यह विशेष टीम सरकार की अपनी नीतियों और विकास योजनाओं का जमीनी स्तर पर प्रसार करने के बजाय दिन-रात केवल विपक्ष को गालियां देने और उन्हें नीचा दिखाने के काम में व्यस्त रहती है, जो कि लोकतंत्र और देवभूमि हिमाचल की राजनीतिक परंपराओं के लिहाज से बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और चिंताजनक है। जयराम ठाकुर ने सुक्खू सरकार पर तंज कसते हुए स्पष्ट शब्दों में कहा कि मुख्यमंत्री जी, अगर आप अपने साढ़े तीन साल के इस कार्यकाल में विकास की कोई नई और बड़ी लकीर नहीं खींच पाए हैं, तो कम से कम हमारे द्वारा जनता की भलाई के लिए खींची गई विकास की बड़ी लकीर को मिटाने या उसे छोटा करने की ओछी कोशिश तो मत कीजिए। प्रदेश की प्रबुद्ध जनता अब सब कुछ अच्छे से समझ चुकी है कि किस योजना से उन्हें सीधा फायदा मिल रहा था और वर्तमान सरकार की किन गलत नीतियों एवं फैसलों से उन पर महंगाई और आर्थिक कुप्रबंधन का भारी बोझ डाला जा रहा है।

इधर पूर्व मुख्यमंत्री ने बुधवार को पंचायत समिति जंजैहली और बालीचौकी के नवनिर्वाचित पंचायत समिति सदस्यों और अन्य जन प्रतिनिधियों से मुलाकात की। उन्होंने इन सभी सदस्यों का मार्गदर्शन करते हुए पूरे आत्मविश्वास के साथ यह दावा किया कि दोनों ही महत्वपूर्ण स्थानों पर भारतीय जनता पार्टी पूर्ण बहुमत के साथ अपने अध्यक्ष और उपाध्यक्ष बनाने में पूरी तरह सफल रहेगी। इस महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक और मुलाकात के दौरान उनके साथ द्रंग विधानसभा क्षेत्र के स्थानीय भाजपा विधायक पूर्ण चंद ठाकुर भी विशेष रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने भी संगठन की मजबूती पर बल दिया।



*नालागढ़ शीतला माता मंदिर में मंगला दे मेले के दौरान सोढ़ी करियाना स्टोर दुकान व दुकानदारों ने भंडारे का आयोजन किया जिसमें सभी लोगों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।*

# चैक से संबंधित श्रेणी के मामलों का निपटारा करने के लिए 18 जुलाई को लगेगी विशेष लोक अदालत : नीतिका भारद्वाज

**कुरुक्षेत्र, 17 जून (बृज मोहन)** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि 18 जुलाई को विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस विशेष लोक अदालत में चैक से संबंधित (एनआई एक्ट) श्रेणी के मामलों का निपटारा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जो नागरिक का चैक से संबंधित मुकदमे को दूसरे पक्ष के साथ समझौते के माध्यम से लोक अदालत द्वारा निपटाना चाहते हैं। जिस नागरिक का चैक से संबंधित मुकदमा जिस न्यायालय में लंबित हो, उसी न्यायालय में किसी भी कार्य दिवस में जाकर अपने मामले पर विचार करवा सकते हैं, 17 जुलाई तक संबंधित न्यायालय में किसी भी कार्य दिवस में जाकर अपने मामले पर विचार करवा सकते हैं, जिसका निस्तारण 18 जुलाई को होने वाली विशेष अदालत में आपसी समझौते के आधार पर किया जाएगा। नागरिक किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में जाकर संपर्क कर सकते हैं।



# गुरु शिष्य परंपरा प्रशिक्षण योजना के तहत गुरु, संगतकार और शिष्यों को प्रदान की जाएगी छात्रवृत्ति

**कुरुक्षेत्र, 17 जून (बृज मोहन)** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि गुरु शिष्य परंपरा प्रशिक्षण योजना के तहत गुरु, संगतकार और शिष्यों को छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। इस योजना का लाभ पाने के लिए लुप्त होती विधाओं का प्रशिक्षण देने वाले गुरुओं और शिष्यों की जानकारी कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग को भेजी जाए।

उन्होंने कहा कि उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र प्रयागराज ने प्रदेश से लुप्त होती विधाओं का प्रशिक्षण देने वालों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। गुरु शिष्य परंपरा प्रशिक्षण योजना के तहत गुरु को प्रति माह 7500 रुपए, प्रति संगतकार को प्रति माह 3750 रुपए और प्रत्येक शिष्य को प्रति माह 1500 रुपए की राशि छात्रवृत्ति के तौर पर प्रदान की जाएगी।

उन्होंने कहा कि इस योजना का लाभ अधिक से अधिक पात्र नागरिकों तक पहुंचाने के लिए गुरुओं तथा शिष्यों के नामों की सूची कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग हरियाणा को भेजी जाए, ताकि भारत सरकार की इस नीति के प्रति जागरूक और लाभर्थित हो सके। इस योजना के बारे में अधिक जानकारी के लिए कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग के सेक्टर-7 सी एससीओ नंबर 29 दूसरा तल पर संपर्क कर सकते हैं।

# पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का लाभ उठाएं पात्र नागरिक : विश्राम कुमार मीणा

» प्रथम न्यूज । कुरुक्षेत्र
17 जून (बृज मोहन)

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना शुरू की गई है। अंत्योदय परिवार जिनकी सालाना आय 1.80 लाख से कम है व जिनकी सालाना बिजली खपत 2400 युनिट तक है, वे दो किलोवाट तक का सोलर पैनल लगवाने पर भारत सरकार की ओर से 60 हजार रुपये व हरियाणा सरकार की ओर से 50 हजार रुपये अनुदान यानि कि कुल 1.10 लाख रुपये का अनुदान प्राप्त कर सकते हैं।



उन्होंने कहा कि जिन परिवारों की सालाना आय तीन लाख रुपये तक है व जिनकी सालाना बिजली खपत 2400 युनिट तक है वो परिवार दो किलोवाट तक का सोलर पैनल लगवाने पर भारत सरकार की ओर से 60 हजार रुपये व हरियाणा सरकार की ओर से 20 हजार रुपये का अनुदान यानि कि कुल 80 हजार रुपये का अनुदान प्राप्त कर सकते हैं। इसके बाद तीन किलोवाट तक का सोलर पैनल लगवाने पर भारत सरकार की ओर से 78 हजार रुपये का अनुदान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार का अनुदान सभी आय वर्गों के लोगों को दिया जाएगा यानी केंद्र का अनुदान लेने के लिए आय से संबंधित कोई शर्त नहीं है।

इस योजना का लाभ लेने से बिजली बिल जीरो हो जाएगा और जो अतिरिक्त बिजली बचेगी, उस बिजली को भी सरकार खरीदेगी, जिससे उनकी अतिरिक्त आय होगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की यह बेहतरीन योजना है जिसके द्वारा समाज की हर वर्ग की ऊर्जा संबंधित जरूरतों को पूरा किया जा सकता है।

अगर खपत से ज्यादा बिजली का उत्पादन सोलर पैनल द्वारा किया जाता है तो वह बिजली के खाते में जाएगा जिसका भुगतान सरकार द्वारा उक्त मकान मालिक को किया जाएगा। इस योजना से सौर ऊर्जा के उपयोग को प्रोत्साहन मिलेगा, जिससे पर्यावरण प्रदूषण कम होगा और स्वच्छ ऊर्जा के स्रोतों को अपनाने में मदद मिलेगी।

## एक नज़र

# यूपी, उत्तराखंड, पंजाब, गोवा और मणिपुर में तय समय पर होंगे चुनाव

### चुनाव आयोग की तैयारी पूरी, फरवरी 2027 में ही होंगे विधानसभा चुनाव




**नई दिल्ली ( एएम नाथ )**– वर्ष 2027 में होने वाले पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव अपने निर्धारित समय पर ही कराए जाएंगे। चुनाव आयोग ने फिलहाल चुनावों को समय से पहले कराने की किसी भी संभावना से इनकार किया है। हाल ही में ऐसी अटकलें सामने आई थीं कि जनगणना और हरिद्वार कुंभ जैसे बड़े आयोजनों के कारण उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, गोवा और मणिपुर के विधानसभा चुनाव तय समय से पहले कराए जा सकते हैं। हालांकि सूत्रों के अनुसार आयोग की तैयारी निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार फरवरी 2027 में चुनाव कराने की है।

दरअसल, कुछ राजनीतिक दलों ने आशंका जताई थी कि जनगणना के दूसरे चरण के दौरान सरकारी कर्मचारियों की व्यस्तता के कारण चुनावी प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है। उनका कहना था कि इससे चुनाव कार्यक्रम में बदलाव की संभावना बन सकती है। लेकिन सूत्रों का कहना है कि चुनाव और जनगणना दोनों को तय समय पर पूरा करने की योजना बनाई जा रही है। आवश्यकता पड़ने पर जनगणना के कार्यों का समन्वय इस तरह किया जाएगा कि चुनावी व्यवस्थाओं में कोई बाधा न आए।

देश में जनगणना का पहला चरण अप्रैल से सितंबर 2026 के बीच चल रहा है, जिसमें मकानों और भवनों का विवरण एकत्र किया जा रहा है। वहीं दूसरा चरण फरवरी 2027 में शुरू होगा, जिसमें लोगों की व्यक्तिगत जानकारी दर्ज की जाएगी। इसी चरण में जातिगत जनगणना भी कराई जाएगी। उत्तराखंड में होने वाले प्रसिद्ध हरिद्वार कुंभ को लेकर भी चुनाव कार्यक्रम प्रभावित होने की चर्चा थी। कुंभ 14 जनवरी से 20 अप्रैल 2027 तक आयोजित होगा, लेकिन सूत्रों के मुताबिक इसका विधानसभा चुनावों पर कोई असर नहीं पड़ेगा। चुनाव आयोग फिलहाल सभी पांच राज्यों में तय समय पर चुनाव कराने की दिशा में काम कर रहा है।

# रोहडू में वृद्ध महिला की हत्या, चोरी की आशंका से इलाके में सनसनी

**रोहडू ( एएम नाथ )**– जिला शिमला के रोहडू उपमंडल की करछारी ग्राम पंचायत के नियर मंडारली क्षेत्र में एक वृद्ध महिला की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। मृतका की पहचान गीता देवी जनारथा के रूप में हुई है, जो अपने सेब के बगीचे के बीच बने मकान में अकेली रहती थीं।

जानकारी के अनुसार, गीता देवी के पति अमी चंद का वर्ष 2020 में निधन हो गया था। उनके दो बेटे अपने परिवारों के साथ शहरों में रहते हैं। बगीचे की देखरेख करने वाले नेपाली मूल के मजदूर पास ही बने एक शेड में रहते थे। मंगलवार सुबह जब मजदूर महिला के घर पहुंचे और आवाज लगाई तो भीतर से कोई जवाब नहीं मिला। संदेह होने पर अंदर जाकर देखा तो महिला बेसुध अवस्था में पड़ी हुई थीं। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की गंभीरता को देखते हुए शिमला से फोरेंसिक टीम को बुलाकर घटनास्थल का निरीक्षण करवाया गया। प्रारंभिक जांच में घर में चोरी होने के संकेत मिले हैं तथा मृतका के शरीर पर चोट के निशान पाए गए हैं। पुलिस को आशंका है कि चोरी या डकैती के इरादे से वारदात को अंजाम दिया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रही है।

# टांडा मेडिकल कॉलेज में 2 करोड़ के स्टेंट और बैलून कैथेटर बरामद, जांच तेज

### कार्डियोलॉजी विभाग की अलमारी से मिला करोड़ों का स्टॉक, स्वास्थ्य व्यवस्था पर उठे सवाल

**कांगड़ा ( एएम नाथ )**– डॉ. राजेंद्र प्रसाद राजकीय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, टांडा के कार्डियोलॉजी विभाग में करीब दो करोड़ रुपये मूल्य के कार्डियक स्टेंट और बैलून कैथेटर मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है। यह सामग्री विभाग की एक अलमारी में रखी मिली, जिसे प्रारंभिक जांच में अधिकृत स्टोरेज व्यवस्था का हिस्सा नहीं माना गया है। जानकारी के अनुसार, स्टेंट इम्प्लांटेशन और चिकित्सा उपकरणों की खरीद से जुड़ी शिकायतों की जांच कर रही वरिष्ठ चिकित्सकों की एक विशेषज्ञ समिति ने निरीक्षण के दौरान यह स्टॉक बरामद किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने इसकी सूचना राज्य सरकार को भेज दी है।

मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य ने मामले को गंभीर बताते हुए कहा है कि विभागीय स्तर पर रखे गए इस स्टॉक की वैधता, खरीद प्रक्रिया और रिकॉर्ड की विस्तृत जांच की जा रही है। यह भी देखा जाएगा कि बरामद सामग्री का अस्पताल के आधिकारिक स्टॉक रजिस्टर और अन्य दस्तावेजों में उल्लेख है या नहीं। घटना के सामने आने के बाद कई सवाल उठने लगे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि स्टेंट और बैलून कैथेटर जैसे उपकरणों की खरीद, भंडारण और उपयोग की पूरी प्रक्रिया निर्धारित नियमों और रिकॉर्ड प्रणाली के तहत होती है। ऐसे में बड़ी मात्रा में सामग्री का विभागीय अलमारी में पाया जाना जांच का विषय बन गया है।

स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े जानकारों का कहना है कि जांच में यह स्पष्ट होना आवश्यक है कि यह सामग्री किस प्रक्रिया के तहत खरीदी गई, इसका उपयोग किन मरीजों के लिए प्रस्तावित था और क्या संबंधित रिकॉर्ड नियमानुसार उपलब्ध हैं। इसके साथ ही पिछले वर्षों में हुए स्टेंट इम्प्लांट मामलों की भी समीक्षा की मांग उठ रही है। फिलहाल प्रशासनिक और तकनीकी जांच जारी है। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि मामला केवल प्रक्रियागत अनियमितता का है या इसके पीछे किसी प्रकार की गंभीर लापरवाही अथवा अन्य गड़बड़ी शामिल है।



# धर्म के नाम पर राजनीति करने वालों को जनता जवाब देगी : भगवंत मान

### बेअदबी विरोधी कानून से बौखलाया विपक्ष, विकास से बदल रहा पंजाब : मान

» प्रथम न्यूज । चब्बेवाल (होशियारपुर)

17 जून ( एएम नाथ )



पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने चब्बेवाल विधानसभा क्षेत्र के गांव बिहाला में आयोजित 'लोक मिलनी' कार्यक्रम के दौरान पारंपरिक राजनीतिक दलों पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी दल धर्म का दुरुपयोग कर रहे हैं और उनकी सरकार को बदनाम करने के लिए झूठा प्रचार कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष न तो 'जागत जोत श्री गुरु ग्रंथ साहिब सत्कार संशोधन अधिनियम-2026' के पारित होने को स्वीकार कर पा रहा है और न ही एक सामान्य परिवार के व्यक्ति द्वारा सफलतापूर्वक सरकार चलाए जाने को।

विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए मान ने कहा कि बेअदबी की घटनाओं को रोकने के लिए उनकी सरकार ने सख्त और कानूनी रूप से मजबूत कानून बनाया है। उन्होंने दावा किया कि यह कानून भविष्य में ऐसी घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाने में मदद करेगा। अकाली दल पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि सत्ता में रहते हुए उन्होंने कभी ऐसा कानून बनाने की गंभीर कोशिश नहीं की।

मुख्यमंत्री ने कंडी क्षेत्र के विकास, सिंचाई सुविधाओं के विस्तार और पर्यटन को बढ़ावा देने की योजनाओं का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाकर विदेश पलायन की प्रवृत्ति को रोकने के लिए काम कर रही है।

मान ने कहा कि राज्य में 90 प्रतिशत से अधिक घरों को मुफ्त बिजली मिल रही है तथा किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि 1 जुलाई से 'मुख्यमंत्री मावां-धीयां सत्कार योजना' शुरू होगी, जिसके तहत पात्र महिलाओं को मासिक आर्थिक सहायता दी जाएगी। वहीं 'मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना' के अंतर्गत प्रत्येक परिवार को 10 लाख रुपये तक के कैशलेस इलाज की सुविधा प्रदान की जा रही है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने गांव बिहाला के विकास कार्यों के लिए पंचायत को 51 लाख रुपये का अनुदान चेक भी सौंपा। कार्यक्रम में सांसद डॉ. राज कुमार चब्बेवाल सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# बंद पड़े सरकारी स्कूलों में फिर गूंजेगी पढ़ाई, बनेंगे रीडिंग रूम

### मंडी में 'अपना पुस्तकालय' अभियान की नई पहल, खाली भवन बनेंगे अध्ययन केंद्र

» प्रथम न्यूज । मंडी

17 जून ( एएम नाथ )

हिमाचल प्रदेश के बंद पड़े सरकारी स्कूलों और खाली सरकारी भवनों का अब शिक्षा के लिए दोबारा उपयोग किया जाएगा। मंडी प्रशासन ने 'अपना पुस्तकालय' अभियान के तहत इन भवनों में रीडिंग रूम और पुस्तकालय स्थापित करने का निर्णय लिया है। इस पहल का उद्देश्य छात्रों और युवाओं को एक ही स्थान पर उपयोगी अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराना है, ताकि वे प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतर तैयारी कर सकें और उनमें पढ़ने की आदत विकसित हो सके।

**पंचायतें संभालेंगी पुस्तकालयों का संचालन, युवाओं को मिलेगी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी की सुविधा**

योजना के तहत शिक्षा विभाग, ग्रामीण विकास विभाग और पंचायतीराज विभाग को ऐसे खाली पड़े सरकारी भवनों की पहचान करने के निर्देश दिए गए हैं, जहां अध्ययन कक्ष स्थापित किए जा सकें। इन रीडिंग रूम और पुस्तकालयों का संचालन संबंधित पंचायतों के माध्यम से किया जाएगा। इससे लंबे समय से अनुपयोगी पड़े सरकारी भवनों का सार्थक उपयोग भी सुनिश्चित होगा।

मंडी जिला प्रशासन ने सभी एमडीएम को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने कार्यक्षेत्र में प्रत्येक शिक्षा खंड की पांच-पांच प्राथमिक और माध्यमिक पाठशालाओं में पंचायत घर के निकट एक लाइब्रेरी कक्ष चिन्हित करें। बाद में इन कक्षों को संबंधित पंचायतों को सौंप दिया जाएगा।

उपायुक्त मंडी के अनुसार पंचायतें इन अध्ययन कक्षों में बिजली, सीसीटीवी और अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था करेंगी। प्रशासन का मानना है कि यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों और युवाओं के लिए काफी लाभकारी सिद्ध होगी तथा शिक्षा संसाधनों तक उनकी पहुंच को और मजबूत बनाएगी।

# आबकारी एवं कर विभाग में 14 युवाओं को मिली सरकारी नौकरी

» प्रथम न्यूज । चंडीगढ़

17 जून ( एएम नाथ )



मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार द्वारा राज्य के युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार के अवसर प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए, वित्त, आबकारी एवं कर मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने आज यहां आबकारी एवं कर विभाग में नवनियुक्त 14 कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र सौंपे। इन नियुक्त कर्मचारियों में 13 क्लर्क और एक सेवादार शामिल हैं। यह भर्ती युवाओं को सरकारी क्षेत्र में सम्मानजनक रोजगार उपलब्ध कराने तथा प्रशासनिक ढांचे को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में सरकार का एक और महत्वपूर्ण कदम है।

इस अवसर पर वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने बताया कि 13 क्लर्कों में से 11 का चयन पंजाब अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड के माध्यम से पूर्णत: योग्यता एवं पारदर्शिता के आधार पर किया गया है। शेष दो क्लर्कों तथा एक सेवादार की नियुक्ति अनुकंपा के आधार पर की गई है, ताकि कठिन परिस्थितियों का सामना कर रहे परिवारों को आर्थिक सहारा प्रदान किया जा सके। रोज़गार के अवसर पैदा करने को मुख्य प्राथमिकता बताते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली सरकार ने युवाओं के लिए पारदर्शी, निष्पक्ष और योग्यता-आधारित भर्ती प्रक्रिया को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। सरकार द्वारा विभिन्न विभागों में रिक्त पदों को योजनाबद्ध तरीके से भरा जा रहा है, जिससे युवाओं को अपने ही राज्य में सेवा करने के अवसर प्राप्त हों और सरकारी तंत्र को अधिक प्रभावी बनाया जा सके।

वित्त मंत्री ने कहा कि रोजगार सृजन केवल रिक्त पदों को भरने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पंजाब की अर्थव्यवस्था को नई गति देने और प्रशासनिक व्यवस्था को और मजबूत बनाने का भी प्रयास है।

उन्होंने कहा कि भगवंत मान सरकार के सत्ता में आने के बाद से अब तक हजारों युवाओं को पूर्णत: निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से सरकारी नौकरियां प्रदान की जा चुकी हैं, जिससे जनता से किया गया एक महत्वपूर्ण वादा पूरा हुआ है।

# NEET UG परीक्षा तक सर्विस पर बैन के खिलाफ हाईकोर्ट पहुंचा टेलीग्राम, याचिका दाखिल कर तत्काल सुनवाई की मांग

» प्रथम न्यूज । नई दिल्ली

17 जून ( ब्यूरो )




केंद्र सरकार द्वारा नीट यूजी री-एग्जाम (NEET UG Re-E&am 2026) के मद्देनजर लगाए गए अस्थायी प्रतिबंध के खिलाफ मैसेजिंग प्लेटफॉर्म टेलीग्राम ने अब सीधे अदालत का दरवाजा खटखटाया है। टेलीग्राम ने दिल्ली हाईकोर्ट में एक याचिका दायर कर इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा जारी किए गए ब्लॉकिंग ऑर्डर को चुनौती दी है। कंपनी ने अदालत से इस मामले पर तत्काल सुनवाई करने की गुहार लगाई है।

**एनटीए की सिफारिश पर सरकार ने लिया था कड़ा एक्शन**

आपको बता दें कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA) की सिफारिश के बाद सरकार ने यह सख्त कदम उठाया था। जांच एजेंसियों को अंदेशा था कि पेपर लीक माफिया और ठग टेलीग्राम के मैसेज एडिटिंग फीचर और पब्लिक ब्रॉडकास्टिंग चैनलों का इस्तेमाल कर फर्जी प्रश्नपत्रों के जरिए छात्रों को गुमराह कर सकते हैं। इसी संभावित खतरे को टालने के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने टेलीग्राम की सेवाओं पर 22 जून तक के लिए रोक लगा दी थी, जिसे अब अदालत में चुनौती दी गई है।

**सरकार के एकतरफा फैसले को दी चुनौती**

टेलीग्राम ने अपनी याचिका में सरकार द्वारा आईटी एक्ट की धारा 69 के तहत जारी किए गए आदेश को मनमाना और प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के खिलाफ बताया है। कंपनी का तर्क है कि आगामी परीक्षा की शुचिता के नाम पर पूरे प्लेटफॉर्म को ही ब्लॉक कर देना अभिव्यक्ति की आजादी और लाखों वैध उपयोगकर्ताओं के अधिकारों का हनन है। टेलीग्राम ने कोर्ट से मांग की है कि 22 जून तक लगाए गए इस अस्थायी प्रतिबंध पर तुरंत रोक लगाई जाए।

# अमेरिकी खुफिया एजेंसियों की चेतावनी: जंग के बाद और मजबूत हुआ ईरान, जब चाहे होर्मुज स्ट्रेट कर सकता है बंद

» प्रथम न्यूज । वॉशिंगटन

17 जून ( एजेंसी )



अमेरिका और ईरान के बीच जारी परमाणु समझौता वार्ताओं के बीच अमेरिकी खुफिया एजेंसियों ने नई चेतावनी जारी की है। एक रिपोर्ट के अनुसार, हालिया संघर्ष के बाद ईरान पहले की तुलना में अधिक रणनीतिक रूप से मजबूत होकर उभरा है और अब वह वैश्विक समुद्री व्यापार को प्रभावित करने की ज्यादा क्षमता रखता है।सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी खुफिया एजेंसियों का आकलन है कि ईरान अब किसी भी समय दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों में से एक होर्मुज जलडमरूमध्य (Strait of Hormuz) में बाधा उत्पन्न करने की स्थिति में है। मामले से जुड़े तीन सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि युद्ध के बाद ईरान ने ऐसी क्षमताएं विकसित कर ली हैं, जो वैश्विक अर्थव्यवस्था को गंभीर नुकसान पहुंचा सकती हैं। अमेरिकी अधिकारियों का मानना है कि ईरान के हाथ एक ऐसा रणनीतिक हथियार लग गया है, जिसका प्रभाव कई मायनों में परमाणु हथियारों से भी अधिक व्यापक हो सकता है। रिपोर्ट में आशंका जताई गई है कि यदि परमाणु वार्ताएं विफल होती हैं, तो ईरान यमन के हूती विद्रोहियों के माध्यम से बाब-अल-मंदेब जलडमरूमध्य में भी संकट पैदा कर सकता है।

विशेषज्ञों के अनुसार, यदि होर्मुज और बाब-अल-मंदेब दोनों समुद्री मार्ग प्रभावित होते हैं, तो वैश्विक तेल आपूर्ति, अंतरराष्ट्रीय व्यापार और ऊर्जा बाजारों पर गंभीर असर पड़ सकता है। दुनिया के बड़े हिस्से का तेल और व्यापारिक माल इन मार्गों से होकर गुजरता है, ऐसे में किसी भी व्यवधान का असर पूरी वैश्विक अर्थव्यवस्था पर महसूस किया जा सकता है। अमेरिकी खुफिया एजेंसियों की यह चेतावनी ऐसे समय में आई है जब क्षेत्रीय सुरक्षा और परमाणु समझौते को लेकर कूटनीतिक प्रयास तेज हैं।

# पार्किंग में तेज रफ्तार कार का कहर, मां-बेटी को रौंदा

» प्रथम न्यूज । नई दिल्ली

17 जून ( ब्यूरो )




नोएडा (उत्तम हिन्दू न्यूज)-शहर में एक बार फिर तेज रफ्तार का जानलेवा कहर देखने को मिला है। महागुन मिराबेला सोसायटी की बेसमेंट पार्किंग में सोमवार देर रात एक तेज रफ्तार होंडा अमेज कार ने सॉफ्टवेयर इंजीनियर महिला और उसकी 5 साल की मासूम बेटी को जोरदार टक्कर मार दी। यह टक्कर इतनी भयानक थी कि मां-बेटी करीब 10 मीटर दूर जाकर गिरीं। इस रोंगटे खड़े कर देने वाली घटना का सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है, जिसे देखकर किसी का भी दिल दहल जाए।

**आरोपी पुलिस की गिरफ्त में, रफ्तार को लेकर उठे गंभीर सवाल**

सेक्टर-113 थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित परिवार की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपी चालक को हिरासत में ले लिया गया है। हालांकि, मेडिकल जांच में चालक के शराब पीने की पुष्टि नहीं हुई है। वहीं, इस दर्दनाक घटना के बाद सोसायटी के निवासियों में भारी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि पार्किंग क्षेत्र में वाहनों की रफ्तार को लेकर भारी लापरवाही बरती जा रही है। पार्किंग में स्पीड लिमिट 10 किलोमीटर प्रति घंटा तय है और यहां दो घुमावदार मोड़ भी हैं, बावजूद इसके आरोपी की कार करीब 40 किलोमीटर प्रति घंटे की तेज रफ्तार से दौड़ रही थी। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है।

**कार से सामान निकालते वक्त हुआ अचानक जानलेवा हादसा** – सेक्टर-113 थाना क्षेत्र के तहत आने वाले सेक्टर-79 की महागुन मिराबेला सोसायटी में रहने वाले अरुण शर्मा पेशे से एक आईटी कंपनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं। सोमवार रात अरुण अपनी पत्नी कृतिका और बेटियों के साथ पार्किंग में खड़ी अपनी कार से सामान निकाल रहे थे। परिवार अभी अपना काम कर ही रहा था कि तभी बेसमेंट में एक बेकाबू कार मौत बनकर आई और कृतिका व उनकी छोटी बेटी को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और लोग तुरंत मदद के लिए दौड़े।

**कार के नीचे फंसी रही मां, लोगों ने मशक्कत के बाद निकाला बाहर**

हादसे के बाद का मंजर बेहद खौफनाक था। तेज टक्कर के कारण 5 साल की बच्ची कार के नीचे आ गई थी, जिसे लोगों ने तुरंत बाहर निकाल लिया। लेकिन कृतिका कार के नीचे बुरी तरह फंस गई।

वहां मौजूद लोगों ने एकजुट होकर कार को उठाया और करीब 4 मिनट की भारी मशक्कत के बाद महिला को बाहर निकालने में कामयाबी पाई।

इसके बाद तुरंत मां-बेटी को फोर्टिस अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने बच्ची को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी है, लेकिन कृतिका की पसलियों में फ्रैक्चर है और उनके सिर व कंधे में गंभीर चोटें आई हैं। फिलहाल उनका इलाज जारी है।